# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 181 बैकुण्ठपुर, शनिवार 22 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


## ब्रांडेड कपड़े के शोरूम में लगी आग, तीन मंजिला भवन में अग्निरोधी संसाधन नहीं

### कभी जंगल तो कभी शहर में आग बुझाने दौड़ती रही अग्निशमन विभाग की टीम

**■ काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में मिली सफलता**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** गरमी के मौके पर आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कभी खुले जंगल, प्लांटेशन में तो कभी बड़े प्रतिष्ठानों में आग लगने की घटनाएं सामने आने से नगर सेना का अग्निशमन विभाग सक्रिय है। इनकी टीम तत्परतापूर्वक ऐसे स्थलों पर पहुंच कर आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही बड़े भवनों में आवश्यक अग्निरोधी संसाधनों को रखने के लिए प्रेरित करने में लगी है ताकि वक्त पड़ने पर उसका इस्तेमाल करके होने वाली बड़ी हानि को रोका जा सके।

21 अप्रैल को अंबेडकर चौक में स्थित निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड के तीसरे माले में आग लगने की सूचना पर फायर वाहन के साथ होमगार्ड के फायर मैन पहुंचे और आग को काबू में किया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। इनके निर्देशन में यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की पहल की गई, ताकि अग्निरोधी दल को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आग बुझाने में फायर स्टेशन प्रभारी के निर्देशन में फायर वाहन के चालक बिजू नायर, फायर मैन राकेश कुमार रावत, अनिरूद्ध श्रीवास, रमेश यादव सक्रिय रहे। आग लगने का कारण एसी में शॉट-सर्किट बताया जा रहा है। आगजनी से निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड में अफरातफरी मच गई। बड़ी बात यह है कि इतने बड़े कपड़े के शोरूम में आग बुझाने के उपकरण नहीं थे, जबकि यह ब्रांडेड कपड़ों का शोरूम है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को शोरूम की तीसरी मंजिल में एसी चालू था। एसी ऑन होते ही शॉट-सर्किट की स्थिति बनी। कुछ देर बाद अचानक धुआं फैलने पर शो-रूम के कर्मचारियों में भगदड़ मचा और पुलिस व फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। तीसरे मंजिल पर आग लगने के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी हो रही थी। किसी तरह दमकल कर्मी तीसरे मंजिल पर पहुंचे और आग को काबू में किया। इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर 12:35 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुमगरा में डॉयल 112 एवं फारेस्ट ऑफिसर सूर्य कुमार कांत ने वन विभाग के लगभग तीन-चार किलोमीटर एवं कई घरों के आसपास आग लगने की सूचना दी गई। इसकी सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर प्रथम टर्न आउट सीजी 15ए 9788 मय फायर टीम मौके के लिए रवाना हुए और अग्नि दुर्घटना स्थल पहुंचकर गांव के घरों के आसपास फैल रही आग को काबू में किया। इसके पहले सूरजपुर जिले के लटोरी थाना लटोरी अंतर्गत वन विभाग के परिसर में बांस के प्लांटेशन में आगजनी की सूचना फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी को मिली थी। मौके पर पहुंची टीम ने आग बुझाने काफी मशक्कत की। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर प्रथम टर्न आउट सीजी 02-0203 मय फायर टीम रवाना हुई थी। दोनों की कार्रवाईयों में फायर स्टेशन प्रभारी के साथ फायर मैन गौरव पाठक, गुरुपाल सिंह, अंजेश शुक्ला, सुशील खलखो, रविन्द्र यादव सक्रिय रहे और अग्नि दुर्घटना स्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया।

**समझाइश के बाद भी नहीं रखते अग्निरोधक संसाधन**

होमगार्ड के अग्निशमन विभाग के प्रभारी अंजनी तिवारी के द्वारा समय-समय पर शहर के बड़े अस्पतालों, दुकानों, शिक्षण संस्थाओं, शो-रूम में अकस्मात आग लगने की स्थिति में भगदड़ की स्थिति न बनने पाए, इसके लिए उपलब्ध संसाधनों की जांच व मॉनीटरिंग की जाती है। अग्निरोधी किन संसाधनों का उपयोग किया जाना है, इससे भी अवगत कराया जाता है, लेकिन असमय बनने वाले हालातों का सामना वे बिना फायरमैन के पहुंचे प्रथमतया वे स्वयं कर सकें, इसकी अरूचि ही देखने को मिलती है। कई बार यह सामने आया है कि दिखावे के लिए फायर संयंत्र लगा दिए जाते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसकी उपयोगिता शून्य रहती है।

**इन नंबरों पर दें त्वरित सूचना**

सरगुजा जिले के लोगों से जिले में किसी प्रकार की आगजनी, आपात कालीन घटना होने पर 112, 101 व 07774-220100 पर डॉयल करने व सही लोकेशन बताने का आग्रह फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी ने किया है, ताकि फायर टीम मौके तक समय रहते पहुंच सके। कई बार सही लोकेशन के अभाव और छोटी गलियों में अग्निशामक वाहनों का प्रवेश होने में दिक्कत के कारण काफी दिक्कतों का सामना फायर कर्मचारियों को करना पड़ता है।

## एयरपोर्ट उन्नयन कार्य का पुनः निरीक्षण करने पहुंचे खाद्य मंत्री

### विमान के लैंडिंग व परीक्षण की तिथि तीसरी बार बढ़ी

**■ एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में, पूर्ण होते ही डीजीसीए करेगी निरीक्षण**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट के उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया और एयरपोर्ट में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। अंबिकापुर के दरिमा हवाई अड्डे से भी हवाई सेवा की शुरुआत होनी है। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, बिलासपुर में हवाई सेवा शुरू हो चुकी है, लेकिन छोटी-छोटी कमियों के कारण सरगुजा वासियों का हवाई सेवा का सपना अब तक अधूरा है। देखा जाए तो रन-वे की मजबूती का आंकलन करने की जाने वाली टेस्टिंग की प्रक्रिया दो बार फेल हो चुकी है। पूर्व में 31 मार्च को विमान हवाई अड्डे में उतारने और रन-वे की मजबूती का परीक्षण करने की बातें सामने आई थी, बाद में यह टलकर 15 अप्रैल से 25 अप्रैल पहुंचा। पुनः खाद्य मंत्री ने निरीक्षण दौरान सामने आई कमियों को दूर करने में लगने वाले समय को देखते हुए उम्मीद जताई है कि 28 से 30 अप्रैल के बीच हवाई जहाज की लैंडिंग के साथ टेस्टिंग व लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बताया कि मां महामाया एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में है। भारत सरकार की डीजीसीएल टीम का एयरपोर्ट में विजिट होना है। इसके पहले जो भी छोटे-मोटे काम बचे हैं, उसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा अंबिकापुर दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने भी मां महामाया एयरपोर्ट की जानकारी ली है और निर्देश देते हुए जल्द से जल्द एयरपोर्ट का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस

### अधिकारियों ने दी ये जानकारी

मां महामाया एयरपोर्ट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री अमरजीत भगत व जिला प्रशासन को अधिकारियों ने टर्मिनल में चेक इन, सिक्योरिटी चेकिंग, लगेज चेकिंग, बोर्डिंग पास काउंटर, वेटिंग एरिया आदि के बारे में सिलसिलेवार विस्तार से बताया। अधिकारियों ने कहा एयरपोर्ट में अधोसंरचना निर्माण का काम पूर्ण है, फिनिशिंग जारी है, जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए, जो मुख्य रूप से सुरक्षा मुद्दों को देखती है, इनकी टीम एयरपोर्ट में सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया जाएगा। यह भारत के लिए, भारत से और यहां के भीतर हवाई परिवहन सेवाओं के नियमन और नागरिक हवाई नियमों, हवाई सुरक्षा और उड़ान योग्यता मानकों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री श्री भगत ने शीघ्रता से गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे जल्द से जल्द हवाई सेवा सरगुजा से शुरू हो सके।

### मंडी गोदाम और प्रतापगढ़-गेरसा-केरजू सड़क का भूमिपूजन

ट्रांसफार्मर और सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन, एयरपोर्ट निरीक्षण के बाद मंत्री अमरजीत भगत सीतापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोबाटिकरा में अतिरिक्त ट्रांसफर एवं केसला में नवीन ट्रांसफार्मर हेतु भूमिपूजन किए। इसी कड़ी में उन्होंने सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर परिसर में धनवंतरी मेडिकल स्टोर का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। यहां से वे ग्राम पंचायत राधापुर अंतर्गत 500 मीट्रिक टन क्षमता के मंडी गोदाम और प्रतापगढ़-गेरसा-केरजू सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सड़क की कुल लंबाई 39.40 किलोमीटर होगी, इसकी निर्माण लागत 42.45 करोड़ होगी। इसमें 45 नग पुल-पुलिया भी शामिल हैं। दौरान लुण्ड्रा विधायक एवं सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, कलेक्टर कुंदन कुमार, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर में स्पा सेंटरों पर की गई कार्रवाई सुर्खियों में

### जिनके थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई, वे भी कुछ बोलने से कतरा रहे



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** शहर में संचालित स्पा सेंटरों पर पुलिस के द्वारा हाल में की गई कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। अवैध रूप से बड़े-बड़े भवनों में संचालित हो रहे इन स्पा सेंटरों में बाहर से आई युवतियों के द्वारा ग्राहकों को दी जा रही सेवा का लाभ कौन ले रहा था, यह भी पर्दे के पीछे है। ऐसा नहीं है कि कार्रवाई के समय इन सेंटरों में ग्राहक नहीं रहे होंगे। यहां की महंगी सेवाओं का लाभ लेने का सामर्थ्य सामान्य लोगों में नहीं है। ऐसे में नामचीनों को बचाते हुए आनन-फानन में स्पा सेंटरों को बंद कराने और नोटिस थमाने की कार्रवाई जैसे गाल बज रहे हैं। छत्तीसगढ़ के भिलाई के स्पा सेंटर में जब पुलिस ने दबिश दी तो यहां ऐसे चेहरे सामने आए कि पुलिस अधिकारी भी भौचक रह गए थे। वहीं अंबिकापुर में हुई कार्रवाई के बाद पुलिस के द्वारा जारी किया गया रिलीज पूरी तरह से अस्पष्ट और घुमावदार रहा। इसमें न तो कहां से युवतियां आकर स्पा सेंटर में ग्राहकों को सेवा दे रही थी, इसका उल्लेख था और न ही यहां की गतिविधियों का। सिर्फ अवैध तरीके से स्पा सेंटरों का संचालन होना दर्शाया गया थो। ऐसे में शहर के प्रबुद्ध वर्ग के बीच यह चर्चा में रहा आखिर इन स्पा सेंटरों का संचालन कौन कर रहा था, जिन्हें पर्दे के पीछे रखा गया। कोतवाली और गांधीनगर थाना प्रभारी की बात करें तो भले ही कार्रवाई उनके थाना क्षेत्र में हुई हो, लेकिन कैसे और क्या कार्रवाई हुई इससे वे खुद को बेखबर बता रहे हैं। सिर्फ यही सामने आ पाया है कि कोतवाली थाना क्षेत्रों में दो स्पा सेंटरों का संचालन हो रहा था, जिसमें ड्रिप्ट अवे का संचालन केदारपुर में वकील फिरदौसी के द्वारा और रिलेक्स सैलून एवं स्पा ब्यूटी पार्लर का संचालन ननि कांप्लेक्स के पास सोनू महंत के द्वारा किया जा रहा था। स्पा सेंटर में ग्राहकों को ट्रीट करने के तौर-तरीके को लेकर किसी प्रकार की बातें सामने नहीं आ पाई हैं।

## 31.62 लाख रुपये की धान हेराफेरी करने वाला समिति प्रभारी गिरफ्तार



**■ पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर जांच में आरोप प्रमाणित पाए गए**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में अनियमितता एवं गबन के मामले में कार्रवाई करते हुए लखनपुर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी एवं गबन के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लखनपुर के कमल नयन पांडेय द्वारा लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में समिति प्रभारी संजय राजवाड़े एवं अन्य के द्वारा धान खरीदी में अनियमितता बरतते हुए समिति से 550 क्विंटल धान, कीमत 31 लाख 62 हजार रुपये गबन किया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस धारा 420, 409, 120(बी) भादंसं का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ली थी।

पुलिस महानिदेशक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता ने इस मामले को गंभीरता से लिया था और लाखों की धोखाधड़ी, गबन के मामले में शामिल आरोपियों का पता-तलाश कर शीघ्र गिरफ्तार करने के दिशा-निर्देश दिए थे। आरोपियों पर त्वरित कार्रवाई व गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर गबन में शामिल आरोपियों के तलाश में पुलिस लगी थी। लखनपुर पुलिस ने आरोपी संजय कुमार राजवाड़े निवासी मणिपुर को घेराबंदी करके पकड़ा और पूछताछ की तो उसने धान खरीदी उपकेंद्र पुहपुटरा में धोखाधड़ी कर गबन करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध से संबंधित प्रमाण पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनिल कामरे एवं पुलिस स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

## मिलन समारोह में बच्चों और स्कूल के प्रतिनिधियों से रूबरू हुए शिक्षा मंत्री

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के आदर्श प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शाला कुर्थीडांड में छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा व अनुसूचित जाति जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण



विभाग के मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम मिलन समारोह में पहुंचे और छात्र-छात्राओं से संवाद किया। यहां उपस्थित लोहरीडोल मिशन, भगवानपुर मिशन सहित अन्य मिशन स्कूलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने कुर्थीडांड मिशन स्कूल में ट्यूबवेल लगवाने, बाथरूम, टॉयलेट निर्माण तथा किचन शेड निर्माण के लिए विधायक मद से राशि देने की घोषणा की। लोहरीडोल मिशन के लिए भी विधायक मद की राशि स्वीकृत की। मिलन समारोह से मिशन परिवार के संचालकों तथा छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित से उत्साह का माहौल था। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री हेमंती प्रजापति, उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य अशफाक अली सहित मिशन स्कूल के शिक्षकों, संचालकों सहित अन्य की उपस्थिति रही।


एजेंसी देना है

सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.

फोन नं. 9826142977, 9713108088


## दो माह पहले ब्याही नवविवाहिता मायके से लगे जंगल में फांसी लगा की खुदकुशी

### खोजबीन में लगे स्वजनों को चौथे दिन पेड़ में लटकी मिली लाश

**■ एक माह पहले मां के साथ आई थी मायके, इसके बाद नहीं गई ससुराल**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** दो माह पहले ब्याही एक युवती ससुराल में एक माह रहने के बाद अपनी मां के साथ मायके आ गई थी। हाल में चार दिन पहले वह मायके से अचानक गायब हो गई, जिससे स्वजन चिंतित हो उठे। वे उसकी तलाश में लगे ही थे कि गुरूवार की शाम युवती का सड़ा-गला शव मायके से लगे गांव के जंगल में चुनरी के सहारे फांसी पर लटकते मिला। मामला सरगुजा जिले के उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम घाटबर्रा का है। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी से उतरवाकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। युवती खुदकुशी किस कारण की, इसका पता फिलहाल नहीं चल पाया है।

जानकारी के मुताबिक उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम घाटबर्रा की रामशीला 22 वर्ष का विवाह दो माह पूर्व दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरी निवासी सोनू राम मझवार से हुई थी। एक माह पूर्व वह अपनी मां के साथ मायके आ गई थी, इसके बाद यहीं रहने लगी। 17 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे वह घर में किसी को बिना कुछ बताए निकल गई थी। कई घंटे बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो स्वजनों की चिंता बढ़ गई और वे उसकी खोजबीन में निकले। तीन दिन तक उसकी खोजबीन में स्वजन लगे रहे लेकिन कहीं पता नहीं चला। 20 अप्रैल की दोपहर उसका शव घाटबर्रा जंगल में पेड़ पर चुनरी से लटका मिला। इसकी सूचना स्वजनों ने उदयपुर थाने में दी। नव विवाहिता द्वारा खुदकुशी का मामला होने के कारण उदयपुर पुलिस ने इसकी सूचना उदयपुर एसडीएम को दी थी। शुक्रवार को नायब तहसीलदार एजाज हाशमी, सहायक उप निरीक्षक गोमती प्रसाद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद नवविवाहिता की लाश को पेड़ से उतारकर शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। खुदकुशी का कारण फिलहाल अस्पष्ट है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## कोल इंडिया के नए चेयरमैन पद हेतु साक्षात्कार में 7 लोग होंगे शामिल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक पद के लिए तीन मई को साक्षात्कार होगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के लोक उद्यम चयन बोर्ड द्वारा सात अधिकारियों के नाम शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। सातों दावेदारों को साक्षात्कार के लिए 3 मई को बुलाया गया है। यह साक्षात्कार दोहपर 3.30 से 5.30 बजे तक चलेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि बोर्ड ने चेयरमैन पद के लिए 22 अक्टूबर 2022 तक आवेदन मंगाए गए थे। सीआईएल के निदेशक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विनय रंजन ने भी आवेदन प्रस्तु किया था, लेकिन साक्षात्कार की अंतिम सूची में उनका नाम नहीं आया है। वर्तमान चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल का कार्यकाल 30 जून तक का है। 1 जुलाई 2023 से नए चेयरमैन की नियुक्ति हो जाएगी। 1991 बैच के आईएएस अधिकारी श्री अग्रवाल ने एक फरवरी, 2020 को पदभार ग्रहण किया था। बताया जा रहा है कि पीईएसबी द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए नामों में क्रमशः अंबिका प्रसाद पंडा सीएमडी, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड, पीएम प्रसाद सीएमडी, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड, मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआईएल, अमिताभ मुखर्जी, निदेशक (वित्त), एमडीसी लिमिटेड, प्रभुदयाल चिरानियां, सीनियर जीएम, बीएसएनएल, अशोक वर्णवाल (आईएएस), प्रधान सचिव (वन विभाग), मध्य प्रदेश, आलोक सिंह (आईआरएस), आयकर आयुक्त को शामिल किया गया है।

### मुख्यमंत्री का सपना हो रहा है साकार

# धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में छत्तीसगढ़ वासियों को मिल रही है सस्ती दवाईयां

★ कलेक्टर के निर्देशन में जिले के पांच नगरीय निकायों में संचालित है यह योजना

★ लगभग 50 प्रतिशत छूट के साथ मिल रही है यहां दवाईयां

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जब भी हम बीमार पड़ते हैं तो मन में अस्पताल, डॉक्टर की फीस, लंबी-चौड़ी तथा मंहगी दवाईयों की लिस्ट नजर आने लगती है। गरीब, मजदूर, किसान जैसे कमजोर वर्गों के लिए यह बड़ा कठिन समय होता है, क्योंकि जान बचाने के लिए वे अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई महंगे ईलाज में खर्च कर देते हैं। ऐसे कठिन परिस्थिति में कमजोर वर्गों की सहायता के लिए राज्य शासन ने श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और हाट-बाजार क्लिनिक योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से शहरी गरीबों को मुफ्त ईलाज की सुविधा मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिये प्रदान की जा रही है वहीं हाट-बाजार क्लिनिक योजना से गांव के गरीबों का मुफ्त ईलाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का सपना गरीब, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों को गुणवत्तायुक्त दवाईयां सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने की रही है, जिसके लिए उन्होंने श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना की शुरूआत की। इस योजना में दवाइयों पर 50 प्रतिशत से अधिक की छूट दी जा रही है। इससे गरीबों पर दवाईयों के खर्चे का बोझ कम हुआ है जिससे गरीब परिवारों के चेहरे पर न केवल खुशी दिख रही है बल्कि उनके जीवन को नई दिशा भी मिल रही है।




**सस्ती दवाईयों की बचत से सुधर रही है दशा और जीवन को मिल रही है नई दिशा**

आय में बढ़ोतरी या पैसों की बचत हमें जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने का अवसर देता है। बचत जीवन के तौर तरीकों, खान-पान और रहन-सहन को बेहतर करता है। धन्वंतरी योजना से हो रही पैसों की बचत गरीबों के जीवन में काफी हद तक यह बदलाव लाने में सफल रहा है। पैसों की बचत का इस्तेमाल वे बच्चों के अच्छी परवरिश में भी कर पा रहे हैं। पहले बीमारी के नाम से दिमाग चिंताग्रस्त और तनाव से भर जाता था, परंतु लोग अब ऐसी चिंता से मुक्त हैं और उनके चेहरे पर खुशी दिखाई देती है।

**जिले के 49 हजार हितग्राही लाभान्वित, लगभग 62 लाख रूपये की हुई बचत**

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशन में जिले के पांचों नगरीय निकायों बलरामपुर, रामानुजगंज, वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित है। स्टोर में एलोपैथिक, जेनेरिक, सर्जिकल, शिशु आहार, हर्बल प्रोडक्ट समेत सौंदर्य प्रसाधन की सामग्रियां उपलब्ध करायी जाती है। जिले के धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से अब तक 49 हजार से अधिक हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। हितग्राहियों को लगभग 01 करोड़ 19 लाख 95 हजार एम.आर.पी. की दवाईयां छूट के साथ लगभग 58 लाख 30 हजार रूपये में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर द्वारा उपलब्ध करायी गई है। हितग्राहियों को इससे लगभग 61 लाख 64 हजार से अधिक की बचत हुई है।

**दवाईयों पर खर्च की चिंता से मुक्त हुए गरीब, मजदूर और किसान**

राजपुर धन्वंतरी मेडिकल स्टोर में अपने एक वर्षीय बच्चे के लिए दवाई लेने आये ग्राम अलखडीहा निवासी श्री मुकेश यादव ने बताया कि वे अपने बच्चों से बेहद प्यार करते हैं, परंतु बीमार पड़ते ही मंहगी दवाओं को देखकर बच्चों की चिंता ज्यादा सताती थी, लेकिन अब हम खुश हैं। श्री यादव ने शासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना गरीब माता-पिता को बच्चों के बीमारी पर लगने वाली दवाओं के खर्चे के चिंता से मुक्त करती है।

बलरामपुर के ग्राम पुटसुरा निवासी श्री दिनेश मेहता बताते हैं कि उनकी माता शुगर की रोगी हैं, उनके दवाईयों में प्रतिमाह लगभग 1500 से 1600 रूपये खर्च होते थे। लेकिन विगत एक वर्षों से वे श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से दवाईयों की खरीदी कर रहे हैं, जहां वही दवाईयां उन्हें 700 से 800 रूपये में मिल जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें विगत एक वर्षों में लगभग 08 हजार रूपये की बचत हुई है, जिसका उपयोग वे घर के अन्य जरूरतों को पूरा करने में कर रहे हैं। तो वहीं रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 13 की निवासी श्रीमती प्रीति सोनी ने बताया कि वह जिला चिकित्सालय में अपनी 06 वर्षीय बेटी का ईलाज कराने आयी थी। जब डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाईयों को लेने धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुंची तो 205 रूपये की एमआरपी की दवा उन्हें 102 रूपये में मिल गई। इसके लिए उन्होंने शासन एवं प्रशासन का धन्यवाद किया है।

## सीएमओएआई की सीआईएल ने बुलाई बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड प्रबंधन ने कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। यह बैठक 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सीआईएल मुख्यालय में होगी। बैठक में सीआईएल चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल, निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) विनय रंजन, निदेशक (तकनीकी) बी वीरा रेड्डी, निदेशक (व्यवसाय विकास) देबाशीष नंदा, निदेशक (विपणन) मुकेश चौधरी तथा सीएमओएआई अपेक्स बॉडी के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।यहां बताना लाजिमी होगा सीएमओएआई द्वारा 11 वें वेतन समझौते से निर्मित हो रहे वेतन विवाद की ओर कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया प्रबंधन का ध्यान निरंतर दिलाया जा रहा है। सीएमओएआई ने 18 अप्रैल को फिर से कोल सेक्रेटरी को 18 बिन्दुओं वाला एक पत्र प्रेषित किया था। बताया जा रहा है कि पत्र मिलने के बाद कोल सेक्रेटरी कार्यालय ने सीआईएल प्रबंधन को सीएमओएआई के साथ बैठक करने कहा है। इसके बाद सीआईएल प्रबंधन ने मीटिंग कॉल किया है। इसके पहले सीएमओएआई के पदाधिकारियों ने 20 मार्च को कोल सेक्रेटरी अमृतलाल मीणा के साथ मीटिंग की थी। साथ ही कोयला मंत्री से भी मुलाकात की थी। 11 वें वेतन समझौते से निर्मित हो रहे वेतन विवाद के कारणों को रखा गया था। कामगार और अधिकारी वर्ग के वेतन में बन रहे सकल अंतर को चार्ट के जरिए बताया गया था। सीएमओएआई के अध्यक्ष डीएन सिंह का कहना है कि वेतन समझौते में डीपीई की गाइडलाइन का पालन होना चाहिए, लेकिन उनका संगठन नॉन एक्जीक्यूटिव के वेतन बढ़ोतरी का विरोध नहीं कर रहा है। वे भी अच्छा वेतन प्राप्त करने के हकदार हैं। श्री सिंह का कहना है कि हम केवल निर्मित हो रही वेतन विसंगति की बात कर रहे हैं। सीएमओएआई अतिरिक्त वेतन वृद्धि की मांग कर रहा है ताकि एग्जीक्यूटिव वर्ग के वेतन को कंपेंसेट किया जा सके। पहले एग्जीक्यूटिव वर्ग को कोलफील्ड अलाउंस दिया जाता था, उसे भी बंदकर दिया गया है। एग्जीक्यूटिव वर्ग को एडिशनल इन्क्रीमेंट और बेसिक का 7 से 10 फीसदी कोलफील्ड अलाउंस दिया जा सकता है। इसके लिए डीपीई की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए कोल इंडिया प्रबंधन को एक नोट तैयार कर कोयला मंत्रालय को भेजना होगा। इसे स्वीकृति प्रदान करने का पूरा अधिकार कोयला मंत्रालय के पास है।

## प्राकृतिक आपदा से पीड़ित 8 परिवारों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में प्राकृतिक आपदा से 08 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी, जिस पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधान के तहत् मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिसमें वाड्रफनगर तहसील के ग्राम कोटराही निवासी राजेन्द्र आत्मज रामरतन की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने के कारण, ग्राम ढ़ढिया तहसील वाड्रफनगर निवासी प्रदीप पिता स्व. नन्दकिशोर की कुआं में डुबने से, ग्राम ककनेशा तहसील वाड्रनगर निवासी सुरेन्द्र पिता स्व.पच्चु राम की कुआं में डुबने से, ग्राम बसंतपुर निवासी शिवबरन पिता जगेश्वर की जहरीले सर्प के काटने से, ग्राम नवगई तहसील रघुनाथपुर निवासी फूलमतिया पति स्व. हिरालाल की बांध में डुबने से, ग्राम शारदापुर निवासी जलजीत पिता रामचन्द्र की जहरीले सर्प के काटने से, ग्राम बरदर निवासी खुशमनिया पति स्व. सेवक की जहरीले सर्प के काटने से, ग्राम अलका तहसील वाड्रफनगर निवासी सुबोसो पति स्व. मेवला की तालाब में डुबने के कारण मृत्यु हो गई थी।

## नशे में धुत्त पति ने टांगी से हमलाकर की पत्नी की हत्या

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** घरेलू विवाद से क्षुब्ध शराब के नशे में पति ने पत्नी के ऊपर टांगी से वार कर हत्या कर दिया है। पुलिस द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर सड़कपारा निवासी आरोपी घरभरन सिंह ने बीती रात शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचा।

शराब के नशे में पति को देखकर पत्नी प्रेमकुंवर ने कुछ काम धाम नहीं करते हो और केवल नशे में डूबे रहते हो कहकर नाराजगी व्यक्त की। पत्नी की नाराजगी से क्षुब्ध आरोपी पति घरभरन सिंह ने टांगी से सिर पर हमला कर हत्या कर दिया। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर पत्नीहन्ता आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा महिला के शव का पंचनामा तैयार कर पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर आरोपी पति के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय पेश कर दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना के दौरान मृतिका का इकलौता पुत्र




महेन्द्र सिंह घर के पीछे स्थित नर्सरी में लगी आग को बुझाने गया था। वापस लौटकर घटना को देख उसने आरोपी पिता को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पिता ने पुत्र को झटका देकर फरार हो गया था। इसके पश्चात पुत्र द्वारा घायल मां को अस्पताल ले जाने संजीवनी 108 एंबुलेंस को सूचना दिया लेकिन उक्त सुविधा भी नहीं उपलब्ध हो सकी थी। पुलिस द्वारा आरोपी पति को गांव के डबरीपारा में स्थित पुराने घर से गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कमलदास बनर्जी, सउनि प्रवीण राठौर, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, शरद सिंह, आरक्षक ललन सिंह, खेलसाय, बिहारी पाण्डेय, मनोज कुमार, योगेश्वर पैकरा, रविशंकर पाण्डेय, प्यारेलाल राजवाड़े सक्रिय रहे।

## पेट्रोल बम फेंकने वाले एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गणेशपुर सिलफिली में भूमि विवाद पर पेट्रोल बम से आगजनी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि एनएच 43 किनारे ग्राम पंचायत गणेशपुर सिलफिली निवासी प्रार्थिया रानू मृधा के साथ आरोपी राजू पोद्दार पिता माखन पोद्दार के साथ लंबे अरसे से जमीन विवाद चल रहा है। इसी तारतम्य में विवाद से क्षुब्ध आरोपी राजू पोद्दार ने साथियों के साथ मिलकर गतदिनों 29 मार्च की रात में प्रार्थिया के बाड़ी में लगे ग्रीन पर्दे को फाड़कर लकड़ी के बल्ली को तोड़ दिया गया था। इसके पश्चात भोर में करीब साढ़े तीन बजे आरोपियों द्वारा प्रार्थिया के बाड़ी में खड़े कार में पेट्रोल बम फेंककर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिससे प्रार्थिया की कार जलकर खाक हो गई थी। मामले में फरार आरोपी राजू पोद्दार को पुलिस ने



गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 427, 452, 435, 436, 34 के तहत कार्रवाई की गई है।

# आरआरवीयूएनएल के सहयोग से पीईकेबी के आदिवासी बाहुल्य ग्राम विकास की राह पर

### वित्तीय वर्ष 2022 -23 में करोड़ों रूपए के कराये विकास कार्य

**अंबिकापुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** किसी क्षेत्र का विकास वहां के बेहतर बुनियादी ढांचे पर निर्भर है और जो स्थानीय लोगों को उनकी जरूरतों के अनुसार आसानी से उपलब्ध भी होना चाहिए। इस कहावत को चरितार्थ किया है राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आर आर वी यू एन एल) ने। जिसने न सिर्फ बुनियादी ढाँचा अपितु शिक्षा,स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी गावों को स्वावलम्बी बनाने की एक अनुपम पहल की है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिला सरगुजा में उदयपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले आदिवासी ग्रामों के लोग अब विकास की मुख्यधारा को भलीभांति समझने लगे हैं। अगर इसका पूरा श्रेय जिले में स्थित परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) कोयला परियोजना को दिया जाए तो कहना गलत नहीं होगा । जी हाँ, उदयपुर तहसील के इस इलाके में ज्यादातर गोंड प्रजाती के आदिवासी रहते हैं, जिन्हें एक दशक पूर्व विकास की मुख्यधारा किसे कहते हैं, मालूम नहीं था। साथ ही जो अपने जीवन यापन के लिए पूरी तरह जंगल पर ही आश्रित थे, तथा अच्छी पढ़ाई और मामूली बीमारी के इलाज के लिए भी शहरों के तरफ पलायन करना पड़ता था, वे भी अब स्वावलम्बी होने की राह पकड़ चुके है। इनकी इस राह को आसान बना रहा है अदाणी फाउंडेशन।

आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सहभागिता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है।

वैसे तो पिछले एक दशक से आरआरवीयूएनएल द्वारा पीईकेबी के ग्राम परसा, घाटबर्रा, बासेन, साल्हि, फत्तेपुर, हरिहरपुर, तारा इत्यादि सहित कुल 14 गांवों जहां की कुल आबादी 9500 के करीब है, में गुणवत्ता युक्त शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतों को उपलब्ध करा रहा है। लेकिन अगर बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 की बात करें तो अदाणी फाउंडेशन द्वारा विकासात्मक गतिविधियों में बुनियादी ढाँचागत कार्यों को भी पूरी प्राथमिकता दी गयी है। करोड़ों रुपए की लागत से न सिर्फ ग्रामों के सरकारी स्कूलों अपितु स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों तथा सामुदायिक विकास में भी कई निर्माण कार्य कराये हैं।




**शासकीय स्कूलों के भवनों का कराया जीर्णोद्धार**

पीईकेबी खदान के आसपास के गांवों के सरकारी स्कूलों को बुनियादी ढांचा विकास में सहायता प्रदान की जा रही है। अध्ययन के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने के लिए ग्राम फतेहपुर के प्राइमरी स्कूल, ग्राम घाटबर्रा के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों का जीर्णोद्धार किया गया है। जबकि ग्राम तारा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल का जीर्णोद्धार एवं साइकिल शेड स्थापित किया।

**स्वच्छ और सुरक्षित जल के लिए चलाया प्रोजेक्ट जीवन अमृत**

खदान के आसपास के गांवों में कई सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों के द्वारा हैंडपंप लगाए जाने के बावजूद, ग्रामीणों को पानी के संकट का सामना करना पड़ता था, वजह उनमें से ज्यादातर पंप रखरखाव की कमी के कारण खराब हो जाते थे और गर्मी के महीनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी। वहीं खेतों में रासायनिक उर्वरकों के नियमित उपयोग के कारण पानी में नाइट्रेट का स्तर भी मानक सीमा से अधिक था। जिससे उनके स्वास्थ्य में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इन सब परेशानियों को संज्ञान में लेते हुए अदाणी फाउंडेशन द्वारा सामुदायिक भागीदारी के अंतर्गत चार वर्ष पहले प्रोजेक्ट जीवन अमृत की शुरुआत की गयी थी। वहीं बीते वित्तीय वर्ष में ग्रामों में 300 हैंडपंपों की मरम्मत तथा सात नए पम्पों की स्थापना, जलापूर्ति के लिए ग्राम परसा में 200 ग्रामीणों के घर तक पाइप लाइन, तथा प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल के लिए ग्राम बासेन में ओवरहेड पानी की टंकी तथा वाटर फिल्टर प्लांट की स्थापना की गयी। साथ ही ग्राम साल्हि में सार्वजानिक उपयोग हेतु ओवरहेड पानी की टंकी एवं टैप वाटर सुविधा, ग्राम परसा में सौरऊर्जाकृत ओवरहेड पानी की टंकी तथा पुलिस थाना सलका में शेड सहित आरओ वाटर कूलर स्थापित किया।

**सामुदायिक विकास में कराया बुनियादी ढाँचागत निर्माण कार्य**

अदाणी फाउंडेशन द्वारा आरआरवीयूएनएल के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत गत वित्तीय वर्ष के दौरान सामुदायिक अधोसंरचना विकास में सभी चौदह ग्रामों में 300 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया। वहीं ग्रामीणों में खेल के प्रोत्साहन के लिए ग्राम फतेपुर और साल्हि के खेल के मैदान में हाई मास्ट लाइट का इंतजाम किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत, स्वच्छ ग्राम को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम फत्तेपुर और साल्हि के ही खेल मैदान के पास बायो टॉयलेट स्थापित किया तथा जिला प्रशासन के आजीविका संवर्धन कार्यक्रम में सहायता हेतु ग्राम जनार्दनपुर पंचायत में लगभग सात लाख की लागत से उत्पादन केंद्र के शेड का निर्माण कराया।

गौरतलब है कि आर आर वी यू एन एल को राजस्थान में अपने थर्मल पावर स्टेशनों की कोयले की आवश्यकता के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2007 में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सरगुजा जिले में पीकेईबी कोयला ब्लॉक आवंटित किया गया था। आरआरवीयूएनएल द्वारा पीकेईबी कोयला ब्लॉक के माइन डेवलपर और ऑपरेटर (एमडीओ) के रूप में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को नियुक्त किया गया था। पीकेईबी कोयला ब्लॉक के प्रभावित प्रमुख और परिधीय गांवों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, आजीविका, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में सीएसआर गतिविधियों को संचालित कर रहा है। जिनमें गांवों की आदिवासी छात्रों की उत्कृष्ट शिक्षा की जरूरतों को ध्यान रखते हुए वर्ष 2013 में अत्याधुनिक पुस्तकालय, प्रयोगशाला और कक्षाओं से सुसज्जित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रमाणित अंग्रेजी माध्यम का स्कूल अदाणी विद्या मंदिर शुरू किया गया था।

जहां वर्तमान में 800 से ज्यादा बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ-साथ सुबह का नास्ता, मध्यान्ह भोजन, किताबें, गणवेश, स्मार्ट क्लास के लिए टैब इत्यादि नि:शुल्क दिये जाते है।

# जिले के पहाड़ी कोरवा और बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के 142 शिक्षित युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनजाति के युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण सम्मान समारोह में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुए शामिल

**सहायक शिक्षक अपने समुदाय के लिए प्रेरणा बनेंगे-मुख्यमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को सही दशा एवं दिशा दे रहें हैं- विधायक यूडी मिंज, विधायक, कलेक्टर ने प्रदाय की नियुक्त आदेश**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के शिक्षित युवाओं को पात्रतानुसार नौकरी प्रदान करने की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुरूप जशपुर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा तथा बिरहोर जनजाति के 142 शिक्षित युवाओं को शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक के पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभाकक्ष में आयोजित नवनियुक्त कर्मचारियों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। नवनियुक्त युवाओं से चर्चा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित कार्यक्रम में आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा और आदिम जाति विकास विभाग की संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी भी उपस्थित थे। जशपुर जिले के मंत्रणा सभाकक्ष से संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, एसपी डी.रविशंकर, मनोज सागर यादव, सूरज चौरसिया, अजय गुप्ता, अमित महतो, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, श्रीमती लविना पाण्डे, विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण, विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के युवा सहित जनप्रतिनिधिगण वर्चुअल कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा और बिरहोर विशेष पिछड़ी जनजाति के 142 युवाओं को सहायक शिक्षक के पदों पर वर्चुअल रूप से नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। इन अभ्यर्थियों में हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उतीर्ण 124, स्नातक उत्तीर्ण 11 एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 06 पहाड़ी कोरवा शामिल है। बिरहोर समुदाय के भी 01 अभ्यर्थी को नियुक्ति दी गई है। जो हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण है। प्रदेश में अब तक विशेष पिछड़ी जनजाति के 708 युवाओं को शासकीय नौकरी दी जा चुकी है। कु. असीमा बाई, ब्रजकिशोर, विजय कुमार, और कु. साम्ववती एदेगवार ने शासकीय नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त युवाओं ने मुख्यमंत्री बघेल से चर्चा के दौरान उनके प्रति आभार प्रकट किया। असीमा ने मुख्यमंत्री से कहा कि बगीचा में भेंट-मुलाकात के दौरान आपने विशेष पिछड़ी जनजातियों के युवाओं को 10 दिन में नियुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इस घोषणा पर जल्द अमल होने पर उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस दौरान संकल्प शिक्षण संस्थान में अध्यनरत् पहाड़ी कोरवा परिवार के शंशुराम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बॉम्बे आईआईटी भ्रमण के बारे में अंग्रेजी में अपना अनुभव साझा किया और आईआईटी बॉम्बे में पढ़ाई करने के इच्छा जाहिर की। मुख्यमंत्री ने उससे अपनी बधाई देते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहन करने की बात कही। इससे पूर्व जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में पहाड़ी कोरवा जनजाति के अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार 57 पदों पर नियुक्तियां दी गई है मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज परंपरागत रूप से विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ समाज है। इस समाज में कुछ समुदाय बहुत ज्यादा पीछे रह गए हैं। इन समुदायों को हम विशेष पिछड़ी जनजातीय के रूप में जानते हैं। राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए राज्य शासन द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इन समुदायों के पढ़े-लिखे नौजवानों को शासकीय सेवाओं में उनकी पात्रता के अनुसार सीधी नियुक्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जल- जंगल- जमीन के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हमने पेसा कानून के सबसे बेहतर नियम लागू किए हैं। 65 प्रकार की वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और उनके प्रसंस्करण से वनवासियों को रोजगार और आय के अच्छे साधन मिल रहे हैं। कोदो-कुटकी-रागों का समर्थन मूल्य तय करके उनकी खरीदी की व्यवस्था की गई है। इन फसली के लिए भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा की इन युवाओं ने बहुत विषम परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई की है। आज जब उन्हें सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिल रही है, तब निश्चित रूप से इन समुदाय में पढ़ाई के लिए उत्साह बढ़ेगा। ये सहायक शिक्षक अपने समुदाय के लिए प्रेरणा बनेंगे। स्थानीय जशपुर विधायक विनय भगत इस दौरान मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी परिवारों को विकास की मुख्यधार से जोड़ने के लिए 142 युवाओं को शासकीय नौकरी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जशपुर जिला निरंतर विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। उन्होने नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को कहा कि आज उनका पढ़न-लिखना सकार हो गया है। संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू.डी.मिंज ने नवनियुक्त युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को सही दशा एवं दिशा दे रहें हैं। नियुक्त युवाओं से और भी समाज के लोग प्रेरित होगें। इनमें डॉक्टर और इंजीनियर बनने की जुनुन है। राज्य शासन विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। गरीबी लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा नहीं बनेगी। सरकार हर संभव मदद करेंगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के सीधी भर्ती संबंधी घोषणा के पालन में सहायक शिक्षक के 142 पदों पर पात्र पाए गये सभी पहाड़ी कोरवा अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किया जा रहा है, जिसमें हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण 124, स्नातक उत्तीर्ण 11 एवंस्नातकोत्तर उत्तीर्ण 06 पहाड़ी कोरवा अभ्यर्थी हैं। इनकी नियुक्ति से जहाँ एकल शिक्षकीय प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति होगी, वहीं ये अपने समाज में आदर्श के रूप में स्थापित होकर समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के सदस्यों को अब तक की सर्वाधिक नियुक्ति प्रदान की जा रही है, जिससे समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। इसके पूर्व भी मुख्यमंत्री जी की घोषणानुरूप जिले के विभिन्न विभागों में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा अभ्यर्थियों को पात्रतानुसार शासकीय सेवा में सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी के 19 पदों एवं चतुर्थ श्रेणी के 38 पदों पर नियुक्ति प्रदान किया जा चुका है, जिसमें सहायक शिक्षक के पद पर 10, सहायक ग्रेड-03 के पद पर 08 एवं ड्रेसर ग्रेड-02 के पद पर 01 एवं चतुर्थ श्रेणी के भृत्य के पद पर 22, वार्ड ब्वॉय/ वार्डआया के 09, चौनमेन 02, स्वच्छता परिचारक सह चौकीदार के पद पर 05 पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इस दौरान मंत्रणा सभा कक्ष में संसदीय सचिव एवं विधायक यू.डी.मिंज, जशपुर विधायक विनय भगत और कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति आदेश प्रदाय किया। नव नियुक्त युवाओं ने नियुक्ति पत्र दिखाकर खुशी प्रकट की।

## 22 अप्रैल 2023 अक्षय तृतीया पर जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

### कंट्रोल रूम में 24 घंटे बाल विवाह की सूचना, की जाएगी दज

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में 22 अप्रैल 2023 को अक्षय तृतीया को जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इनमें सरंक्षण अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता एवं चाइल्डलाइन के केंद्र समन्वय कुमारी अंजना चौहान को जशपुर आईसीडीएस, संरक्षण अधिकारी श्रीमती रमावती सिंह एवं चाइल्ड लाइन के अमितेष प्रजापति को मनोरा आईसीडीएस, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती नीलू एक्का एवं परिवीक्षा अधिकारी बाल गृह (बालिका) श्रीमती लाजवंति साय को दुलदुला आईसीडीएस, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती शशि सिंह एवं परिवीक्षा अधिकारी बाल गृह (बालक) अनूप मिश्रा को कुनकुरी आईसीडीएस, परामर्शदाता चैतन राम यादव एवं चाइल्ड लाईन के टीम मेम्बर दिलिप राम को पत्थलगॉव आईसीडीएस, आउटरीच वर्कर के कुमारी कल्याणी पैकरा एवं चाइल्ड लाईन के टीम मेम्बर रोहित चौधरी को कांसाबेल आईसीडीएस, आउटरीच वर्कर के कुमारी कंचन प्रजापति एवं चाइल्ड लाइन अमित तिड़ू को बगीचा आईसीडीएस और आउटरीच वर्कर के श्रीमती दीप्ति बाई एवं चाइल्ड लाईन के टीम मेम्बर नेम्हस एक्का को फरसाबहार आईसीडीएस हेतु ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कंट्रोल रूम में 24 घंटे पाली-पाली में बाल विवाह की सूचना दर्ज करने तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को त्वरित सूचित करने हेतु सतेन्द्र सिंह मोबाईल नम्बर 9340113166, अरविन्द यादव मोबाईल नम्बर 9981949444, चन्द्रशेखर यादव मोबाईल नम्बर 7489888808, आशुतोष कुमार सोनी मोबाईल नम्बर 0770760781, भोजराज दिवाकर मोबाईल नम्बर 9340775265, आशीष कुमार गुप्ता मोबाईल नम्बर 7987993030, श्रीमती मेरी पुष्पा तिर्की मोबाईल नम्बर 8458978123 एवं श्रीमती सरिता भगत मोबाईल नम्बर 7828870552 ड्यूटी लगायी गई है।

## जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी की सेवा की गई शुरू

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन में जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी की सेवा शुरू की गई हैं। फिजियोथेरेपी का पुनः से संचालन सुचारू रूप से करने के निर्देश के साथ ही जिला अस्पताल में 14 जनवरी 2023 से कई चिकित्सकीय इकाई को चालू किया गया है। वर्तमान में लगभग 200 कुल मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ स्वास्थ्य से संबंधित लाभ प्रदान किया चुका है। फिजियोथेरेपी की सेवा अनुग्रह किस्पोट्टा व श्रीमती शर्मिला सिंह के द्वारा प्रदान की जा रही है।




## कोटप्पा एक्ट के अंतर्गत पत्थलगांव के 28 तम्बाकू विक्रय संस्थानों में 11200 रूपये की चालानी कार्यवाही




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** नगरीय निकाय क्षेत्र पत्थलगाव में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद प्रतिबंध अधिनियम 2003 अंतर्गत 28 तम्बाकू विक्रय संस्थानों में चालानी कार्यवाही 11,200 रूपये की गयी। उक्त चालानी कार्यवाही जिले के प्रर्वतन दल के द्वारा किया गया. दल में स्वास्थ्य विभाग डॉ. डी. के. अग्रवाल नोडल अधिकारी (NTCP. NMHP) डॉ. अबरार उज्जमां खा (मनोवैज्ञानिक PROGRAME CONSULTANT) विवेक कुजूर (सीनियर नार्सिंग अधिकारी), अविनाश द्विवेदी (सीनियर सचिवालय सहायक) निरंजन मानिक (निगरानी एवं मूल्यांकन अधिकारी) खाद्य विभाग के मनीष कुंवर (औषधी निरीक्षक) पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। प्रर्वतन दल के डॉ. डी. के. अग्रवाल ने कहा कि जिले में COTPA ACT के तहत चालानी कार्यवाही में तेजी लायी जा रही है, जल्द ही संपूर्ण जिले को धुम्रपान मुक्त बनाया जाएगा। क्या है कोटपा एक्ट 2003, धारा 1, धारा 2 के तहत धुम्रपान सार्वजनिक स्थानों में करना प्रतिबंधित है। तम्बाकू विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान में धुम्रपान निषेध तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू देना नहीं है। धारा 4 - सार्वजनिक स्थानों पर धुम्रपान निषेध है 200 रूपये तक का जुर्माना हो सकता है। होटल, रेस्टोरेन्ट, सिनेमा हॉल, मॉल आदि के मालिक को 60 सेमी 30 सेमी बोर्ड पर नो स्मोकिंग बोर्ड प्रदर्शित करना चाहिए। धारा 5 - तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध तम्बाकू उत्पादन बेचने वाली दुकानों को 60 सेमी 45 सेमी का बोर्ड प्रदर्शित करना चाहिए जिसमें तम्बाकू के कारण कैंसर होते है। उल्लंघन करने पर 1000 रूपये से 5000 रूपये जुर्माना या 5-10 साल की कैद हो सकती है। धारा 6 (क) 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिक बच्चों को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री परप्रतिबंध दुकानों को बोर्ड दिखाना चाहिए। धारा 6 (ख) शिक्षा संस्थान के 100 बोर्ड के भीतर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध - है उल्लंघन करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजनों हेतु 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा विकासखंड के ग्राम कंडोरा निवासी स्व. सुमन राम की तालाब के पानी में डूबने से 29 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी संपाईत बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

## कल मनाई जाएगी ईद, सुबह 8:30 बजे जशपुर के ईदगाह में होगी ईद की नमाज

### रमजान में की गई इबादतों को कबूल कर खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें:मौलाना मंसूर

**सदरे अंजुमन महबूब अंसारी ने सभी को ईद मुबारक़बाद दिया और कहा खुशी के त्यौहार में ईद में रोजेदारों की गई इबादतें कबूल हों**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुस्लिम धर्मावलंबियों को पाक रमजान महीना का आज पूरा हुआ, रमजान के खत्म होने के दूसरे दिन ईद मनाई जाती है.रमजान के शुरू होते ही मुस्लिम धर्मवलम्बी ईद की तैयारी में जुट जाते हैं। 21 मई को 29 रोजे पूरे होने पर ईद का चांद नजर आया, चाँद नजर आने के बाद अब 22 शनिवार को 8:30 बजे नमाज अदाकर ईद मनाई जाएगी। जशपुर जामा मस्जिद के मोहतमिम मौलाना मंसूर आलम फैजी ने बताया कि ईद का चांद 29 कभी 30 रोजे पूरे होने पर भी दिखाई देता है, आज स्पष्ट हो गया हैं कि 29 का चाँद दिखने के बाद ईद अब कल 22 अप्रेल को मनाया जायेगा.इस लिहाज से समाज के लोग अपने अपने हिसाब से तैयारी में लगे हुए हैं, उन्होंने बताया कि कल ईदगाह में नमाज होगी. गर्मी के कारण जमात का समय 8:30 बजे रखा गया हैं। मुस्लिम समाज अंजुमन इस्लामिया जशपुर के सदर महबूब अंसारी ने बताया कि मुस्लिम समाज ईद की बड़ी जमात के साथ नमाज करबला के पास स्थित ईदगाह मे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी और ईद का त्योहार मनाया जाएगा. उन्होंने बताया कि गर्मी के इस तेज धूप को ध्यान में रखते हुए ईद की नमाज का वक्त सुबह 8:30 बजे तय किया गया है और धूप से बचने के लिए ईदगाह में तमाम इंतजाम किये जा रहे हैं. ईदगाह में टेंट लगाया जा रहा है। वहीं नमाजियों के लिए पानी का भी इंतजाम किया जा गया है।

## सा.स्वा.केन्द्र पत्थलगांव में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार जिले में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बारंबारता के आधार पर मानसिक रोग से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार हेतु जिले के मानसिक स्वास्थ्य पेशेवारों के द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 20 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में शिविर आयोजन किया गया। उक्त शिविर में 56 व्यक्तियों का मानसिक रोग से संबंधी स्क्रीनिंग किया गया। स्क्रिनिंग के पश्चात 26 व्यक्ति का मानसिक रोग से प्रभावित मिले जिनमें मनोविदलता 05 बाईपोलर युज डिस्ऑर्डर 02 अवसाद 07 चिंता संबंधी विकार 05, नशा से संबंधी विकार 07 व्यक्तियों को उक्त शिविर में डॉ. डी. के. अग्रवाल (मेडिसीन विशेषज्ञ, नोडल अधिकारी) एवं डॉ. अबरार खान (मनोवैज्ञानिक सह कार्यक्रम समन्वयक (NMHP) के द्वारा चिकित्सकीय पद्धति से उपचार किया गया। कार्यक्रम को सफल संचालन में विवेक कुजूर (सीनियर नार्सिंग अधिकारी), अविनाश द्विवेदी (सीनियर सचिवालय सहायक), निरंजन मानिक, (निगरानी एवं मूल्यांकन अधिकारी) ने कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना मुख्य भूमिका निभायी है।

## डोर टू डोर कैम्पेन कर आयुष्मान कार्ड से पात्र हितग्राहियों को जोड़ें : कलेक्टर




छ.ग.फ्रंटलाइन

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा आयुष्मान कार्ड की संख्या तथा शेष बचे लोगों की संख्या के संबंध में लगातार समय-सीमा व समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग से नियमित जानकारी मांगी जा रही है। जिसमें कलेक्टर द्वारा जिले में छूटे हुए हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के लिए डोर टू डोर कैंपेन और ज्यादा से ज्यादा लॉगिन आई.डी. के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विशेष शिविर, च्वाईस सेंटर में नियत दर पर कार्ड के रजिस्ट्रेशन, नगरीय निकाय के कर्मचारियों के साथ कम्युनिटी ऑर्गनाइजर्स के सदस्य द्वारा कार्य को युद्धस्तर पर करने के लिए विशेष बल दिया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार विगत 1 वर्ष में दुर्ग जिले के शासकीय चिकित्सालयों मे कुल 46787 मरीजो को योजना का लाभ प्रदाय किया गया है व 15.84 करोड़ रुपए की राशि का क्लेम प्रेषित किया गया है। नियमित समीक्षा के कारण शासकीय चिकित्सालयों मे योजना के अंतर्गत क्लेम मे वृद्धि हुई है तथा लगभग रु. 1.70 करोड़ का क्लेम प्रतिमाह किया जा रहा है । उक्त क्लेम से जीवन दीप समिति के लिए राशि प्राप्त होती है जिसका उपयोग संस्था मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराने, चिकित्सालय का उन्नयन करने, अतिरिक्त चिकित्सक एवं स्टाफ की नियुक्ति के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा कलेक्टर ने जिले के शत-प्रतिशत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बने इसके लिए ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और कामन सर्विस सेंटर के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को सभी व्हीलई के माध्यम से कार्य में प्रगति लाने की भी बात कही है। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने वर्तमान में च्वाईस सेंटर में 641 आई.डी. व अन्य द्वारा 93 आई.डी. सक्रिय है। सत्र 2022-23 में जिले के 11 लाख 5 हजार 885 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड हुए निर्मित - नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि सत्र 2022-23 में जिले के 11 लाख 5 हजार 885 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना। जो कि 2021-22 की तुलना में 68 हजार 842 अतिरिक्त है। जिला प्रशासन की सतत् मॉनिटरिंग से आयुष्मान कार्ड बनने की गति में ये तेजी आई है। जिसमें शहरी क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत धमधा में 1 लाख 49 हजार 317, जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत 1 लाख 41 हजार 48 और जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत 1 लाख 66 हजार 454 कुल 4 लाख 56 हजार 819 आयुष्मान कार्ड बनाया है।

## बोड़ोकच्छार निवासी 77 वर्षीय काजो बीबी को मिला व्हील चेयर



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** विकासखण्ड के कण्डोरा बोड़ोकच्छार निवासी 77 वर्षीय काजो बीबी को व्हील चेयर प्रदाय किया गया। काजो बीबी वृद्ध हो जाने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी समस्याओं को देखते हुए उनकी बहू सायरा खातुन ने कलेक्टोरेट पहुंचकर व्हील चेयर के लिए आवेदन की। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 77 वर्षीय काजो बीबी को व्हील चेयर प्रदाय किया गया है।

## चिंतन

# सर्वाधिक आबादी से चुनौतियां भी बढ़ेंगी

विश्व में सर्वाधिक आबादी वाला देश बनना भारत के लिए गर्व कम और संसाधनगत चुनौतियां अधिक हैं। संयुक्त राष्ट्र ने आंकड़ा जारी किया है, जिसके मुताबिक चीन को पछाड़ कर भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। यूएन के आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी बढ़कर 142.86 करोड़ हो गई है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या 'डैशबोर्ड' (मंच) के अनुसार, चीन की आबादी 142.57 करोड़ है। चीन से भारत की आबादी 29 लाख अधिक हो गई है। भारत की आबादी 2050 तक बढ़कर 166.8 करोड़ होने की उम्मीद है, जबकि चीन की जनसंख्या घटकर 131.7 करोड़ हो सकती है। हालांकि भारत की 2021 में होने वाली जनगणना पेंडिंग है, कोरोना के चलते नहीं की गई, भारत की जनसंख्या के अधिकृत सरकारी आंकड़े 2011 के ही हैं। भारत हर दस वर्ष पर जनगणना करता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र के आंकड़े भारत सरकार के आंकड़े नहीं हैं। वैश्विक स्तर पर आबादी के आंकड़े 1950 से एकत्र किए जा रहे हैं और पहली बार भारत सबसे अधिक आबादी वाले देशों की संयुक्त राष्ट्र सूची में शीर्ष पर है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की नई रिपोर्ट के अनसार, भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 (वर्ष) आयु वर्ग की है जबकि 18 प्रतिशत 10 से 19 साल आयु वर्ग, 26 प्रतिशत 10 से 24 आयु वर्ग, 68 प्रतिशत 15 से 64 आयु वर्ग की और सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष से अधिक आयु की है। भारत की जनसांख्यिकी एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न है। केरल और पंजाब में बुजुर्ग आबादी अधिक है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी अधिक है। देश की 25.4 करोड़ युवा आबादी (15 से 24 वर्ष के आयुवर्ग) नवाचार, नई सोच, उत्पादकता और स्थायी समाधान का स्त्रोत हो सकती है, लेकिन इसी के साथ, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सुरक्षा, खाद्यान्न आपूर्ति, बिजली व पानी आपूर्ति, आवास आदि की उपलब्ध्ता बढ़ाने की चुनौतियां भी बढ़ेंगी। लैंगिक समानता, महिलाओं का सशक्तिकरण, बुजुर्ग आबादी की सुरक्षा आदि को भी एड्रेस करना होगा। सभी लोगों के अधिकारों, विकल्पों और समान मूल्यों का सम्मान करके ही हम भविष्य की अनंत संभावनाओं का रास्ता खोल पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र का यह भी पूर्वानुमान है कि देश की जनसंख्या अगले तीन दशक तक बढ़ती रह सकती है और उसके बाद यह घटना शुरू होगी। इसलिए अगले तीन दशक तक भारत को बढ़ती आबादी की चुनौतियों से निबटते रहना होगा। आबादी बढ़ने के अनुपात में घट रहे प्राकृतिक संसाधन भी भारत के लिए बड़ी चुनौती होंगे। खेती की भूमि, जलापूर्ति, वन, आवास के लिए जगह आदि संसाधन सीमित हैं, भूजल स्तर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं, इसलिए बढ़ती आबादी पर्यावरण संकट को जन्म दे सकती है। घनी आबादी के चलते संक्रमण रोगों का फैलाव अधिक हो सकता है, वायरस जनित रोगों का प्रकोप बढ़ सकता है। बढ़ती आबादी वनों की कटाई, प्रदूषण आदि सहित पर्यावरणीय क्षति का कारण बन सकती है। कोयला, तेल, प्राकृतिक गैसों, खनिज, पेड़, पानी और वन्य जीवन जैसे संसाधनों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण का क्षरण होगा। सामाजिक विद्वेष और बढ़ सकते हैं। गरीबी उन्मूलन की लक्ष्य लंबा हो सकता है, हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बोझ बढ़ेगा। सरकार को देश की आबादी का समझदारी से आर्थिक संसाधन के रूप में इस्तेमाल करना होगा, तभी सबसे बड़ी आबादी लाभदायक साबित होगी।



विश्लेषण
सतीश सिंह

# आसान नहीं बाघ अर्थव्यवस्था की राह

बाघ अर्थव्यवस्था के प्रमुख मानक निर्यात के मामले में भारत अभी भी बहुत पीछे है और भारतीय बाजार को भी दुनिया के लिए पूरी तरह से नहीं खोला गया है, जिसके कारण मौजूदा विकास दर कम है। ऐसे में जब तक भारत "मेक इन इंडिया" की संकल्पना को पूरी तरह से साकार करने में सफल नहीं होता है, भारत का बाघ अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार नहीं हो सकता है। जब भारत सभी वस्तुओं के उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा, तब उसे स्वत: आयात से मुक्ति मिल जाएगी। अस्तु, मौजूदा परिप्रेक्ष्य में यह कहना उचित होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था हाल-फिलहाल में बाघ अर्थव्यवस्था नहीं बनने वाली है।

बाघ अर्थव्यवस्था शब्दावली का प्रयोग आमतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया में बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के लिए किया जाता है। एशियाई बाघ अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों में सिंगापुर, हांगकांग, दक्षिण कोरिया, ताइवान आदि शामिल हैं। ऐसी अर्थव्यवस्था में विकास का आधार निर्यात होता है अर्थात ऐसे देश निर्यात की मदद से विकास की रफ्तार को कायम रखते हैं। सिंगापुर, हांगकांग, दक्षिण कोरिया, ताइवान आदि देशों ने निर्यात और मुक्त व्यापार की नीतियां अपनाई और विकास के प्रवाह को कायम रखने में सफल रहे। भारत भले ही इंग्लैंड को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन चुका है और अब सिर्फ संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्था उससे बड़ी है, लेकिन भारत के विकास के पीछे निर्यात न होकर दूसरे कारक हैं। भारत में निर्यात की रफ्तार धीरे-धीरे तेज हो रही है, लेकिन इसे अपेक्षित कतई नहीं कहा जा सकता है। भारतीय बाजार को कारोबार हेतु दुनिया के लिए अभी भी पूरी तरह से नहीं खोला गया है। देश में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्र मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन निजी क्षेत्र की भागीदारी कम है।

भारत जब आजाद हुआ था, तब भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.7 लाख करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2020-21 में बढ़कर 135.13 लाख करोड़ रुपये हो गया। वर्ष 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना शुरू हुई, लेकिन अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में यह बहुत सफल नहीं रही। बाद की पंचवर्षीय योजनाओं का भी अपेक्षित परिणाम नहीं निकल सका। हालांकि, वर्ष 1961 से भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि दिखने लगी। वर्ष 1950 से 1979 तक देश की जीडीपी औसतन 3.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रही थी, जिसे भारतीय अर्थव्यवस्था में हिंदू वृद्धि दर कहा गया, जबकि वर्ष 1950 से वर्ष 2020 तक भारत की जीडीपी वृद्धि दर औसतन 6.15 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी। वर्ष 2010 की पहली तिमाही में जीडीपी दर 11.40 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, कोरोना काल में आधार प्रभाव के कारण इससे भी बेहतर जीडीपी वृद्धि दर देखी गई, जबकि वर्ष 1979 की चौथी तिमाही में इसने 5.20 की सबसे कम वृद्धि दर्ज की। वर्ष 1960 में भारत की प्रति व्यक्ति आय 81.3 अमेरिकी डॉलर थी। देश में प्रति व्यक्ति आय की वार्षिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 1980-81 से वित्त वर्ष 1991-92 के दौरान औसतन 3.1 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 1992-93 से वित्त वर्ष 2002-03 के दौरान बढ़कर औसतन 3.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पुनः वित्त वर्ष 2003-2004 से वित्त वर्ष 2007-2008 के दौरान दोगुनी होकर औसतन 7.2 प्रति वर्ष के स्तर पर पहुंच गई। बाद के वर्षों में भी इसमें उतरोत्तर तेजी देखी गई। वित्त वर्ष 2021-22 की दिसंबर तिमाही के दौरान जीडीपी 5.4 प्रतिशत रही और तीसरी और चौथी तिमाही में भी जीडीपी वृद्धि दर में कमी दर्ज की गई, लेकिन समग्र रूप से वित्त वर्ष 2021 के दौरान जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई। इतना ही नहीं, वित्त वर्ष 2021 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2022 की पहली




तिमाही के दौरान भी जीपीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन वित्त वर्ष 2022 में जीडीपी घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई। जीडीपी में कमी के कारक महामारी, भू-राजनीतिक संकट, रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध,महंगाई की ऊंची दर आदि रहे।

वर्ष 1991 से भारत सरकार ने आर्थिक सुधार करना शुरू किया, जो आज भी जारी है। वर्ष 1991 में विदेश व्यापार, कर सुधार, विदेशी निवेश आदि क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक उपाय किये गये, जिनसे भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में मदद मिली। सकल स्वदेशी उत्पाद की औसत वृद्धि दर वर्ष 1951 से 1991 के दौरान 4.34 प्रतिशत थी, जो वर्ष 1991 से वर्ष 2011 के दौरान बढ़कर 6.24 प्रतिशत हो गई। वर्ष 2015 में भारतीय अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से आगे निकल गई और विश्व बैंक के अनुसार वर्ष 2021 में भारत की जीडीपी बढ़कर 3.1 ट्रिलियन डॉलर की हो गई। देश में उदारीकरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद निजी क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ, लेकिन अभी भी भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रित बनी हुई है। अस्सी के दशक में पहली बार, वर्ष वित्त वर्ष 1989-90 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सूचकांक ने 1000 के अंक के स्तर को पार किया। वर्ष 2006 में बीएसई सूचकांक 10000 अंक के स्तर को पार कर गया। फिर वित्त वर्ष 2014-15 में यह 30000 अंक के स्तर को और वित्त वर्ष 2018-19 में 40000 अंक के स्तर को पार कर गया, जो वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 60000 अंक के स्तर को पार कर गया। निफ्टी सूचकांक भी वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 18000 अंक के स्तर को पार कर गया। वर्ष 2023 में भी ये दोनों सूचकांक 60000 और 18000 अंक के आसपास घूम रहे हैं, जो दोनों सूचकांकों में सूचीबद्ध कंपनियों की मजबूती को दर्शाते हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 9 भारतीय निजी और सरकारी बैंकों की रेटिंग का उन्नयन करते हुए उसे आउटलुक निगेटिव से स्टेबल कर दिया गया है। मूडीज ने बैंकों के अलावा भारत की रेटिंग का भी उन्नयन करते हुए सॉवरेन निगेटिव से स्टेबल कर दिया है। भारत की रेटिंग फिलवक्त बीएए3 है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत का निर्यात 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 447 बिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया,जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में निर्यात 422 अरब डॉलर रहा था। वहीं, वित्त वर्ष 2022-23 में आयात 16.5 प्रतिशत बढ़कर 714 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में 613 अरब डॉलर रहा था। वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 में 14 प्रतिशत बढ़कर 770 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष में यह 676 अरब डॉलर था, जबकि वित्त वर्ष 2020 में यह 500 अरब डॉलर था। आज दुनिया के विकसित देश मंदी की गिरफ्त में आने के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। मंदी के प्रमुख कारकों, जीडीपी,बेरोजगारी,महंगाई आदि के मामलों में भारत दुनिया के विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है।

पड़ताल से साफ है, बाघ अर्थव्यवस्था के प्रमुख मानक निर्यात के मामले में भारत अभी भी बहुत पीछे है और भारतीय बाजार को भी दुनिया के लिए पूरी तरह से नहीं खोला गया है, जिसके कारण मौजूदा विकास दर कम है। ऐसे में जब तक भारत "मेक इन इंडिया" की संकल्पना को पूरी तरह से साकार करने में सफल नहीं होता है, भारत का बाघ अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार नहीं हो सकता है। जब भारत सभी वस्तुओं के उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा, तब उसे स्वतः आयात से मुक्ति मिल जाएगी। अस्तु, मौजूदा परिप्रेक्ष्य में यह कहना उचित होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था हाल-फिलहाल में बाघ अर्थव्यवस्था नहीं बनने वाली है।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारा संसार



श्रीलंका के खूबसूरत स्थानों में शामिल रावण जलप्रपात गर्मियों के सीजन में स्नान करने के लिए एक शानदार टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं। रावण झरने का नजारा खूबसूरत होता हैं और खासकर बारिश के मौसम के दौरान इसका प्रवाह अतितीव्र होता हैं।


# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# मेरे पास भगवान का विज़िटिंग कार्ड



संकलित
प्रेरणा

रात के एक बजा था, एक सेठ को नींद नहीं आ रही थी, वह घर में चक्कर पर चक्कर लगाये जा रहा था, पर चैन नहीं पड़ रहा था। आखिर मैं थक कर नीचे उतर आया और कार निकाली, शहर की सड़कों पर निकल गया। रास्ते में एक मंदिर दिखा सोचा थोड़ी देर इस मंदिर में जाकर भगवान के पास बैठता हूँ। प्रार्थना करता हूँ तो शायद शांति मिल जाए। वह सेठ मंदिर के अंदर गया तो देखा, एक दूसरा आदमी पहले से ही भगवान की मूर्ति के सामने बैठा था, मगर उसका उदास चेहरा, आंखों में करूणा दर्शा रही थी। सेठ ने पूछाः क्यों भाई इतनी रात को मन्दिर में क्या कर रहे हो ? आदमी ने कहाः मेरी पत्नी अस्पताल में है, सुबह यदि उसका आपरेशन नहीं हुआ तो वह मर जायेगी और मेरे पास आपरेशन के लिए पैसा नहीं है। उसकी बात सुनकर सेठ ने जेब में जितने रुपए थे, वह उस आदमी को दे दिए। अब गरीब आदमी के चहरे पर चमक आ गईं थी। सेठ ने अपना कार्ड दिया और कहा इसमें फोन नम्बर और पता भी है और जरूरत हो तो निसंकोच बताना। उस गरीब आदमी ने कार्ड वापिस दे दिया और कहाः मेरे पास उसका पता है, इस पते की जरूरत नहीं है सेठजी! आश्चर्य से सेठ ने कहाः किसका पता है भाई? उस गरीब आदमी ने कहाः मुझे उसी भगवान का विज़िटिंग कार्ड मिल गया है, जिसने रात को ढाई बजे आपको यहाँ भेज दिया। अतः आपका कार्ड पते के लिए मैं रखकर क्या करू।

## खिलवाड़

डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# ऑनलाइन गेमिंग के खतरे

देश दुनिया में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार दिन दूनी रात चौगुनी गति से फलता फूलता जा रहा है। कोविड के बाद के हालात खासतौर से ऑनलाइन स्टडी और वर्क फ्रॉम होम का एक दुष्प्रभाव यह सामने आया है कि युवा तो युवा बच्चे भी इसके जाल में फंसते जा रहे हैं। इसके दुष्प्रभाव भी तेजी से सामने आने लगे हैं वहीं यह माना जा रहा है कि आने वाले सालों में इसका कारोबार में और तेजी से बढ़ोतरी होगी। मजे की बात यह है कि ऑनलाइन गेमिंग में लोग ठगी के शिकार भी बहुत ज्यादा हो रहे हैं। ऐसे में यह गंभीर चिंता का विषय हो जाता है। पिछले एक साल में ही ऑनलाइन गेमिंग के मैदान में पांच करोड़ नए लोगों ने एंट्री ली है। 2021 में देश में ऑनलाइन गेम खेलने वालों की संख्या करीब 45 करोड़ थी जो 2022 में बढ़कर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। यह अपने आप में चिंतनीय इसलिए भी हो जाता है कि क्या युवा और क्या बच्चे इस गेंबलिंग के जाल में फंसते जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो कयास यह लगाया जा रहा है कि 2025 तक यह संख्या 50 करोड़ से 70 करोड़ तक पहुंच जाएगी। ऑनलाइन गेमिंग व गेंबलिंग के दुष्प्रभाव को जानते पहचानते भी प्रतिदिन नए लोग फंसते जा रहे हैं वहीं समाचारपत्रों के मुखपृष्ठ पर फुलपेज के विज्ञापन प्रमुखता से छपने लगे हैं तो सोशियल मीडिया का भी इसको प्रमोट करने के लिए धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। 2016 में देश में ऑनालाइन गेमिंग का 54 करोड़ डॉलर का कारोबार था जो 2022 में बढ़कर 2 अरब 60 करोड़ डॉलर को पार कर गया हैं वहीं जानकारों की मानें तो 2027 तक चार गुणा ग्रोथ के साथ 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल कोरोना के लॉकडाउन के दौर के बाद इसमें तेजी से विस्तार हुआ है। देखा जाए तो उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और पश्चिमी बंगाल के लोग इसके दायरे में अधिक हैं। दरअसल ऑनलाइन गेम एप संचलित करने वालों का दावा है कि वे तो कौशल विकास के लिए इस तरह के गेम चलाते हैं पर वास्तविकता तो यह है कि अधिकांश गेमिंग पोर्टल गेंबलिंग यानी की जुआ ही है। मजे की बात यह है कि अधिकांश खेलों में जीतने वाले को जो पैसा दिया जाने का दावा किया जाता है वह नहीं मिलता और या तो कोई तकनीकी बाधा हो जाती है या फिर नंबर ब्लाक कर इस तरह के पोर्टल संचालित करने वाले पैसा हजम कर जाते हैं और इस तरह की गेमिंग में फंसने वाला अपने आप को ठगा हुआ महसूस करता है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में 900 गेमिंग कंपनियां कार्य कर रही है। नित नए गेम बनाकर उतार रही है। अब सरकारों के सामने ऑनलाइन गेमिंग एक चुनौती के रूप में उभर रहा है। सबसे पहले तो सरकार को इन पर शिकंजा कसने के लिए नियामक बनाना होगा। खासतौर से इस तरह के नियामक कानून बनाने होंगे जिससे बच्चे तो इस चंगुल में नहीं फंस सके और इसे नियंत्रित किया जा सके। इन कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उसके लिए नियामक संस्था बनाने के कदम उठाए जाने चाहिए। सरकार को इसके लिए समय रहते कदम उठाने होंगे। सरकारी राजस्व का मोह त्याग कर व्यापक हित में ठोस कदम उठाना होगा, ताकि आधुनिक जुआ यानी कौशल विकास के नाम पर चल रहे गेमिंग के इस गेंबलिंग के खेल से नई पीढ़ी को बचाया जा सके।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सशक्त सरकार समय की पुकार

आज भारत में सभी दलों की अपनी-अपनी डफली और अपना-अपना राग है। जब देश स्वतंत्र हुआ था, तब कुछ और बात थी और धीरे-धीरे कई विद्रूपताओं ने सिर उठा लिया। वास्तव में व्यक्ति स्वतंत्रता के मायने स्वच्छंदता मान बैठा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को इसकी आशंका पहले से ही थी। उनका मानना था कि देश को स्वतंत्र होने पर भी एकदम पूरी स्वतंत्रता हानिप्रद हो सकती है। देश ने स्वतंत्रता से पूर्व विभाजन के विषैले दंश को झेला। आज कुछ तत्त्वों के कारण देश को जोड़ने पर कम ध्यान है, जबकि देश विरोधी शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हुई हैं। पृथकतावाद, आतंकवाद, माफिया राज और भ्रष्टाचार का इस कद्र बोलबाला है जिससे लगता है कि कुछ जयचंद देश को बर्बाद करके ही रहेंगे। आज देश को सशक्त सरकार की जरूरत है।

*- विवेक शुक्ला, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### क्रांतिकारी बदलाव जरूरी



हमें वर्तमान और भविष्य की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक शासन में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। मैं उच्च-स्तरीय सलाहकार बोर्ड को बहुपक्षवाद को समावेशी बनाने के लिए योजना विकसित करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### ट्रस्ट की उपलब्धि



लोगों को मधुमेह के साथ लंबा, स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक देखभाल और दवा तक पहुंच महत्वपूर्ण है। हम हेल्मस्ले ट्रस्ट का इंसुलिन तक पहुंच उल्लेखनीय है। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल डायबिटीज कॉम्पैक्ट को आगे बढ़ाए।

**-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक**

# आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते हैं कि अपने रोमांटिक सपनों को पूरा करने के लिए आपको भी कुछ प्रयास करने चाहिए। प्रेम होने का एक अर्थ यह भी है कि आप दूसरे व्यक्ति से पूरी तरह से खुले हों। आज आप भावनात्मक स्थिरता का आनंद लेंगे क्योंकि आप अपने प्रियतम से नजदीकियां महसूस करेंगे।शांतिपूर्ण रोमांटिक जीवन के लिए आपने प्रेमी से विचारों को साझा करें।

वृषभः गणेशजी कहते हैं कि पार्टनर को खुश करने के लिए रोमांटिक गाना याद करना न भूलें। क्लब या सोसाइटी में शामिल होकर नए अवसर प्राप्त होंगे। आज पूरी तरह से तैयार हो कर अपने लक्ष्यों और मिशन पर काम करें।कोई भी समस्या आए तो निराश न हों, अपने आपको प्रोत्साहित करने और सफलता हासिल करने के लिए यह समय बढ़िया है।

मिथुनः गणेशजी कहते हैं कि अपने साथी के कारण ही आपका जीवन गुलजार है जो आपको खुश और शांत रखता है, इन पलों को अपने मन में हमेशा के लिए संजों कर रख लें। आपके कुछ सभ्य मित्र आज आपकी हर संभव मदद करेंगे और हो सकता है कि भविष्य में उन्हें आपकी सहायक की जरूरत पड़े, इसलिए तैयार रहें। आपके दोस्त आपकी शक्ति, प्रतिभा और दक्षता को भी बढ़ाएंगे।

कर्कः गणेशजी कहते हैं कि आप अपने साथी के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं इसलिए आपके बीच का अटूट बॉन्ड किसी भी कीमत पर नहीं टूट सकता। आज आप अपने स्वीटहार्ट के साथ अपनी भविष्य के सपनों को संजोना चाहते है। तनाव दूर करने के लिए साथी के बिताया समय लाभदायक होगा। अपने बाबू से अपने धन और आर्थिक स्थित के बारे में भी सब कुछ शेयर करें। प्यार में बढ़ोतरी के लिए किसी जादू की उम्मीद न करें, आपके प्रयास से ही यह फलेगा फूलेगा।

सिंहः गणेशजी कहते हैं कि आपका पार्टनर समझदार है इसलिए आपकी रोमांटिक जिंदगी भी सुखद है। अपने गुप्त रिश्ते को दुनिया के सामने लाने के लिए यह उचित समय है। आज आपके दिमाग मे कुछ नए और रोमांटिक विचार हैं जिनसे आप उत्तेजित महसूस करेंगे। परिवार मे तकरार आपके हौसलों को कम कर सकती हैं लेकिन आप सब कुछ अच्छे से संभाल लेंगे। मतभेदों को अलग रखकर अपने प्यार का साथ दें।।

कन्याः गणेशजी कहते हैं कि सोच समझ कर योजना बनाएं। आत्मनिर्भर होने और हर तरह की निराशा को दूर करने के लिए अब समय शुभ है। आज आप निराश हो सकते है क्योंकि आपके जीवन साथी द्वारा किये गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। लेकिन शांत रहें और अपने कर्तव्यों को नजरअंदाज न करें। अपने प्यार के साथ समय बिताएं और हो सके तो उसके लिए कुछ खास करें।

तुलाः गणेशजी कहते हैं कि सामान्य जीवन में आयी बाधाएं आपकी लवलाइफ को प्रभावित नहीं कर सकती। कोई बढ़िया सा पकवान बनाकर या अपने कोई रोमांटिक गाना गुनगुना कर आप जीवनसाथी के दिल में जगह बना सकते हैं। अगर आप किसी रिश्ते में नहीं हैं तो आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली है क्योंकि आप आज अपने प्यार को पा सकते है।

वृश्चिकः गणेशजी कहते हैं कि गर आप किसी रिश्ते में नहीं हैं तो आज आपकी रचनात्मकता और बुद्धिमता आपको विपरीत लिंग में आकर्षण का केंद्र बनाएगी। आगे बढ़ें और अपने हर सपने को पूरा करें। आज का दिन खास है, चिंता छोड़कर आपके पास जो भी है उसका मजा लें। आज आप घरेलू कामों की तरफ ध्यान देंगे खास कर उसकी ओर जो आपके दिल के करीब है। उनके लिए खास खाना बनाएं या कोई रोमांटिक गाना गायें। याद रखें प्यार का रिश्ता हमें आत्मविश्वास के साथ साथ दूसरों का सम्मान करना भी सिखाता है।

धनुः गणेशजी कहते हैं कि जीवन में बदलाव आ सकता है और यह परिवर्तन आपके दिल की धड़कनों को बढ़ा देगा कोई कोई खास आपके दिल के दरवाजे पर दस्तक देगा। अपने साथी के साथ आप बेहद रोमांटिक और उत्साही पलों को महसूस करेंगे। अगर आप जीवनसाथी खोज रहे है तो आपकी खोज अब खत्म होती है।

मकरः गणेशजी कहते हैं कि अपने साथी को बहलाना आपके इस रिश्ते की खासियत है बस जीवन के फैसलों को एक दूसरे पर थोपे न बल्कि मिलकर निर्णय लें। परिवार और माता पिता के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए आज का दिन शुभ है। अपने माशूक से दिल खोल कर बात करें ताकि आप उन्हें खास महसूस करा सकें। संयम से काम लें और इसके बाद आप पाएंगे कि परिस्थितियां कितनी बदल चुकी है। मुहब्बत के इस प्यारे अहसास को दिल में छुपा कर न रखें।

कुंभः गणेशजी कहते हैं कि आज आप नए संबंधों को बनाने और पुराने संबंधों को और भी मजबूत करने के लिए एक यात्रा का प्रोग्राम बना सकते है। अपने पार्टनर के साथ अधिक अन्तरंग महसूस करेंगे और यह सुखद रोमांटिक पल आपको रोमांचित कर देंगे। ध्यान रखें घनिष्ठ संबंधों में बुनियाद मजबूत और संवाद की भाषा सरल, स्पष्ट और समझ में आने वाली रखें, तभी आप एक अच्छा रिलेशनशिप निभा पाएंगे।

मीनः गणेशजी कहते हैं कि आज आपका भाग्यशाली दिन है इसलिए अपने इस दिन से कुछ फुर्सत के पल निकालें। अपने विचारों का समर्थन दुनिया भी करेगी खास कर वो लोग जो आपके लिए सब कुछ हैं। अपने साथी को खुश रखेंगे तो आपकी चाहत का बगीचा ऐसे ही हरा भरा रहेगा। इस जबरदस्त दिन के बाद पार्टी तो बनती है।



प्रभु राम के ननिहाल में स्थित
कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार कर
विश्वपटल पर स्थापित कर मातृ शक्ति को समर्पित



# माता कौशल्या महोत्सव-2023

22-24 अप्रैल 2023, चंदखुरी-रायपुर


भक्ति, आस्था और अध्यात्म
महोत्सव के

## उद्घाटन समारोह

22 अप्रैल 2023, शाम 5 बजे, चंदखुरी-रायपुर

में आप सभी सादर आमंत्रित हैं

- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़




## सांस्कृतिक कार्यक्रम

**22 अप्रैल, शाम 5 बजे**

माधुरी महिला मानस मंडली, गरियाबंद
श्रीमती पुष्पांजलि सिन्हा

राम की शक्ति पूजा
श्री व्योमेश शुक्ला, वाराणसी

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
सुश्री कविता पौडवाल, मुम्बई

**23 अप्रैल, शाम 5 बजे**

वीणा वादिनी मानस परिवार, भाटापारा
श्रीमती वीणा साहू

हरिदर्शन मानस मंडली, जांजगीर-चांपा
श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास

ज्ञान गंगा मानस परिवार, दंतेवाड़ा
श्री कुशल सिंह साहू

भक्तिमय शास्त्रीय संगीत नृत्य-नाटिका
सुश्री रमिंदर खुराना, मुंबई

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री प्रभंजय चतुर्वेदी, भिलाई

**24 अप्रैल, शाम 5 बजे**

प्रज्ञा महिला मानस परिवार, कुरुद-सिलियारी
श्रीमती कुमुदिनी चंद्रवंशी

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री देवेश शर्मा, रायगढ़

भक्तिमय गीत संगीत भजन
सुश्री तृप्ति शाक्या, मुंबई

**छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार**

छत्तीसगढ़ संवाद-36713/100

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

Created by Universal Document Converter







Created by Universal Document Converter

# मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुम्मा की नमाज, आज मनेगी ईद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** रमजान का पवित्र महीना आज खत्म हो गया।मुस्लिम समुदाय के लोग जुम्मा तुल विदा या अलविदा जाता है।। जुम्मा तुल विदा के दिन की जाने वाली सभी दुआएं बेहद खास मानी जाती हैं।अल्विया जुम्मा का शुभ दिन रमज़ान की नमाज़ के समापन हैं।रमजान का पवित्र महीना 23 मार्च को शुरू हुआ था और 22 अप्रैल को खत्म होगा। दुनिया भर में लोग 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाएंगे। कुरान का पाठ करते हैं और दिन में 5 बार नमाज अदा करते हैं। इस दौरान अंजुमन कमेटी जामा मस्जिद सूरजपुर सदर इश्तियाक अहमद नायब सदर फिरोज खान खजांची जाफर सिद्धकी , सेक्रेटरी मुस्ताक अहमद, जॉइंट सेक्रेटरी फिरोज खान, शाहिद खान, अब्दुल करीम, अख्तर मंसूरी, जब्बार उल हक, गुलाम कफिल, अब्दुल वासित , अमिर खान वसीम खान, इमरान कुरेशी ,सलीम चिश्ती, इमरान खान, रजाकार कमेटी सूरजपुर जामा मस्जिद मेंबर जीशान अहमद, समीर खान मैप सागर, सेक्रेटरी तौकीर अहमद, खजांची दानिश मंसूरी, मेंबर तस्लीम खान तस्लीम खान, सैयद फरहान, मोहम्मद मोइन मंसूरी, अयान सिद्दीकी, स्विफ्टटेन खान, मोहम्मद रजा, सोहेल मंसूरी, सैयद फैजान, राहिल खान आदि सक्रिय रहे।



**हुई शांति समिति की बैठक**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के थाना-चौकी प्रभारियों ने ईद पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने ईद-उल-फितर पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाये जाने और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ईद पर्व को आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया।

जुम्मा अदा । यह दिन दुनिया भर के मुसलमानों के लिए बहुत महत्व रखता है जो रमजान के दौरान उपवास रखते हैं। रमजान के पवित्र महीने के आखिरी शुक्रवार को लोग अलविदा जुम्मा मनाते हैं। आज सूरजपुर जामा मस्जिद मानपुर महागावां शिवप्रसाद नगर, जूर बंजा, प्रतापपुर, विश्रामपुर, सतपता सहित सभी मस्जिदों में आज अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई।जुम्मा तुल विदा का शुभ दिन पवित्र महीने के अंतिम शुक्रवार को मनाया का प्रतीक है, और यह एक नए इस्लामी महीने की शुरुआत का भी प्रतीक है। दुनिया भर के सभी मुसलमान इस दिन को बेहद खास मानते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं। जुम्मा तुल विदा हर साल बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

इस दिन, लोग प्रार्थना करते हैं और कुरान की पवित्र पुस्तक से अध्यायों का पाठ करते हैं। अल्लाह से आशीर्वाद पाने के लिए मुसलमान भी सामाजिक कार्यों में खुद को शामिल करते रमजान के महीने में लोग रोजा भी रखते हैं। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है और एक महीने तक चलने वाला त्योहार है।उपवास या रोज़ा के रूप में भी जाना जाता है, सहरी का सेवन करने से शुरू होता है, जिसे सुबह के भोजन के रूप में संदर्भित किया जाता है और उपवास खोलने के लिए, मुसलमान इफ्तार पर दावत देते हैं, जो रात का भोजन है जो शाम की प्रार्थना के बाद उपवास खोलते है। इस पवित्र महीने के दौरान मुसलमान पवित्र पुस्तक

## बेरोजगारी भत्ता हेतु 780 आवेदन स्वीकृत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के लिए जिले में अब तक कुल 2125 ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1733 बेरोजगार प्रतिभागियों का भौतिक सत्यापन कर 780 आवेदकों का आवेदन स्वीकृत कर लिया गया है, तथा 176 प्रतिभागी सत्यापन के दौरान अनुपस्थित पाये गये हैं शेष 1377 आवेदकों के मूल दस्तावेजों का परीक्षण कार्य प्रक्रियाधीन है। योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अप्रैल माह से 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। अप्रैल महीने में किसी भी दिन किए गए आवेदनों पर घोषणा अनुसार भत्ता अप्रैल से ही देय होगा। इस संबंध में अनुपस्थित आवेदक अपने लॉगिन आई.डी. से अनुपस्थिति का कारण बताते हुए पोर्टल पर पुनः आवेदन अप्लाई कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# जिले में कोरोना के 17 नए मरीज मिले सक्रिय मरीज 152 के पार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में कोरोना का संक्रमण तेजी से पांव पसार रहा है। जिले में कोरोना के मरीज ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों में मिलने लगे है हर रोज मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है इस बीच शुक्रवार को जिले में कोरोना के 17 मरीज मिले हैं इसके साथ ही सकीय मरीजों की संख्या हो गयी है। ज्ञात हो कि अप्रैल के शुरुआत में नये मरीज मिलने शुरू हो गये थे जांच की संख्या में लगातार वृद्धि होने से मरीजों की संख्या में भी वृद्धि होने लगी है।

सबसे खास बात यह है कि विगत दो सप्ताह भर से मरीजों की संख्या दहाई अंको की है अधिकांश मरीज होम आईसोलेशन में हैं और वे सभी सामान्य है। जिले में कोरोना संकमण की दर 09 प्रतिशत से भी अधीक है लोगो को अधिक सर्तक रहने की आवश्यकता है साथ ही भीड़-भाड़ वाले जगहो



में मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, कोविड के लक्षण जैसे सर्दी खांसी इत्यादि होने पर तत्काल जांच कराये एवं कोविड अनुरूप व्यवहार को अपनाने की जरूरत है, जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच की जा रही है। आगामी दिनों में और मरीज बढने की संभावना है।

## जिला अन्त्यावसायी योजना मद से कलेक्टर ने हितग्राही को ट्रैक्टर ट्राली की चाभी सौंपी दी बधाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय निगम योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सूरजपुर द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के ट्रेक्टर ट्रॉली योजना हेतु चयनित हितग्राही नीतिश कुमार सिंह आत्मज मनमोहन सिंह ग्राम अजबनगर पोस्ट अजबनगर जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़) को ऋण राशि रूपये 10.63 लाख की स्वीकृत की गई है । जिसके अंतर्गत आज सूरजपुर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा द्वारा नीतीश कुमार को ट्रैक्टर वितरित किया गया । कलेक्टर ने बधाई देते हुए ट्रैक्टर का उपयोग कर अपनी आय बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन दिया एवं ऋण के किश्त का भुगतान समय पर



करने को प्रेरित किया। हितग्राही नीतीश कुमार ने योजना का लाभ प्राप्त होने पर प्रसन्नता के साथ छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री एवं सूरजपुर कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिला अन्त्यावसायी के अधिकारी के. विश्वनाथ रेड्डी एवं क्षेत्राधिकारी लेयोस कूजुर तथा देवेन्द्र श्रीवास उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक 25 को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में 25 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से संबंधित बैठक का आयोजन किया जाना है। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यों को उपस्थित होना अनिवार्य है, बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे कार्यों का एजेंडावार पर समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम ने समस्त सदस्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

**प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष खनिज प्रभावित क्षेत्रों के परिवार के सदस्यों को**

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क और छात्रावास शुल्क, प्रशिक्षण एवं कोचिंग की सुविधा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला अंतर्गत समस्त विकासखण्डों, नगर पालिका, नगर पंचायतों में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष खनिज प्रभावित क्षेत्रों निवासरत के परिवार के सदस्यों को नर्सिंग, चिकित्सा शिक्षा, इंजीनियरिंग, विधि प्रबंधन, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास के लिए विश्वविद्यालय शासकीय महाविद्यालयों, शासकीय संस्थाओं में शैक्षणिक शुल्क और छात्रावास शुल्क के भुगतान तथा सभी प्रतियोगी परिक्षाओं एवं कोचिंग क्लासेस, आवासीय प्रशिक्षण की व्यवस्था का प्रावधान जिला खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 यथा संशोधित अंतर्गत नियम 22 के उपनियम 2 (घ) शिक्षा में उल्लेखित है। अत: उपरोक्त के संबंध में इच्छुक छात्र, छात्राएं प्रवेश हेतु स्वयं, अभिभावक के माध्यम से आवेदन अपने संबंधित जनपद पंचायत अथवा संयुक्त कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में सीधा पूर्ण जानकारी (चयनित संस्था का नाम, फीस का विवरण, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड इत्यादि आवश्यक दस्तावेज) सहित 10 मई 2023 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। जिला सूरजपुर अंतर्गत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष खनिज प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी का अवलोकन जिला सूरजपुर की वेबसाई www. surjpur.nic.in पर किया जा सकता है।

## सभी जिलों में अंधड़, मेघ गर्जना तथा ओला वृष्टि की चेतावनी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रदेश के मौसम में बढ़ रही गर्माहट पर फिर से ब्रेक लगने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में सभी जिलों में अंधड़ चलने और कुछ इलाकों में मेघ गर्जना के साथ हल्की बौछारें गिरने की आशंका के चलते यलो अलर्ट जारी किया है।

प्रदेष के सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग व रायपुर संभागों के सभी जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने, अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

## जिले में गर्मी के कारण लू बचने के निर्देश जारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है उक्त परिस्थितयों में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। लू के लक्षण सिर में दर्द, उल्टी, चक्कर आना, कमजोरी, भुख कम लगना एवं प्यास अत्यधिक लगना इत्यादि लू से बचाव हेतु धुप में निकलने से पूर्व सर व कानों को कपड़ों को अच्छी तरह से ढक लेवे अधिक मात्रा में पानी पियें गर्मी के दौरान नरम-मुलायम सूती के कपड़े पहने ओ.आर.एस. एवं शीतल पेय पियें। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू के प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं, जिसमें दो बिस्तर लू से प्रभावित मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है एवं ओ.आर.एस. कॉर्नर भी बनाया गया है। दवाई की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने 121 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यो की दी सौगात

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को 121 करोड़ 53 लाख रूपए के विकास कार्यो की सौगात दी। इनमें 118 करोड़ 14 लाख रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और तीन करोड़ 39 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आज जोन क्र.-01 के अंतर्गत 1 करोड़ 28 लाख रुपए, जोन क्र.-07 के अंतर्गत 99 लाख रुपए, जोन क्र.-05 के अंतर्गत 62 लाख रुपए तथा कोलता समाज छात्रावास हेतु 50 लाख रुपए सहित कुल 3 करोड़ 39 लाख रुपए के कार्यो का भूमिपूजन किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान श्री बघेल ने 55 लाख रूपए की लागत से शीतला तालाब, रामनगर के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 28 लाख रूपए की लागत से कोटा कॉलोनी उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 97 लाख रूपए की लागत से कोटा-गुढ़ियारी मुख्य मार्ग में नाला निर्माण कार्य, 6 करोड़ 58 लाख रूपए की लागत से कारी तालाब, आमापारा के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 19 लाख रूपए की लागत से शीतला तालाब कोटा के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 50 लाख रूपए की लागत से अनुष्का उद्यान, सेक्टर-01, रायपुरा के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 29 लाख रूपए की लागत से हीरापुर उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 28 लाख रूपए की लागत से डूमर तालाब उद्यान आमानाका के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास कार्य, 1 करोड़ 23 लाख रूपए की लागत से अग्रसेन चौक, समता कॉलोनी में सी-मार्ट निर्माण कार्य, 67 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से अमृत मिशन योजना के अंतर्गत चंदनीडीह में 75 एम.एल.डी. क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 3 करोड़ 78 लाख रूपए की लागत से अमृत मिशन योजना के अंतर्गत रायपुरा उच्च स्तरीय जलागर के कमाण्ड एरिया अंतर्गत मेन राईजिंग लाईन, डिस्ट्रीब्यूशन लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन कार्य, 5 करोड़ 51 लाख रूपए की लागत से अमृत मिशन योजना के अंतर्गत कुकुरबेड़ा में 1000 किलो लीटर क्षमता का उच्चस्तरीय जलागार एवं मेन राईजिंग लाईन, डिस्ट्रीब्यूशन लाईन तथा घरेलू नल कनेक्शन कार्य, 8 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से मिशन योजना के अंतर्गत डंगनिया उच्चस्तरीय जलागार के कमाण्ड एरिया अंतर्गत डंगनिया, रोहणीपुरम एवं अन्य क्षेत्र में डिस्ट्रीब्यूशन लाईन तथा घरेलू नल कनेक्शन कार्य, 4 करोड़ 95 लाख रूपये की लागत से हीरापुर, जरवॉय में 65 टी.पी.डी.सी. एण्ड डी यूनिट का कार्य, 7 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से जोन क्रं. 01 के अंतर्गत विभिन्न कार्य, 43 लाख रूपए की लागत से जोन क्रं. 07 के अंतर्गत विभिन्न कार्य, 7 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से जोन क्रं. 08 के अंतर्गत विभिन्न कार्य, 1 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से जोन क्रं. 05 के अंतर्गत विभिन्न कार्य और 21 लाख रूपए की लागत से जोन क्रं. 02 के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया।

# भाजपा के कामकाजी बैठक में केंद्र की जनकल्याणकारी योजना की हुई चर्चा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत विधानसभा भटगांव का कामकाजी बैठक स्थानीय सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ।बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीन दयाल

**कार्यकर्ताओ के कार्यों की हुई समीक्षा**

उपाध्याय जी, एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छाया चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात् प्रारम्भ हुआ।तत्पश्चात केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने केंद्र की विभिन्न जनकल्याण कारी कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया और अंबिकापुर से बड़वाडीह, रेनूकुट आदि मार्गो के विस्तार एवं दरिमा एयर पोर्ट से वायु सेवा प्रारम्भ होने के संबंध में बताया । पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने विधानसभा भटगांव के 06




मंडलो के शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजको, सह संयोजको से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संगठन द्वारा दिए गए कार्यों की समीक्षा किया। जिला संगठन प्रभारी राजा पाण्डेय ने कार्यकर्ताओ को दिए गए कार्यों को समय सीमा में करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष बाबू लाल अग्रवाल ने कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन देते हुए बूथ सशक्तिकरण के कार्यों एवं मन की बात कार्यक्रम को प्रमुखता से करने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री एवं विधानसभा संयोजक अशोक सिंह ने किया।

आभार प्रदर्शन प्रदेश मंत्री भाजपा परमेश्वरी राजवाड़े ने किया इस दौरान पूर्व गृहमंत्री राम सेवक पैंकरा, पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी , पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल , जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अजजा, सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, महेश्वर पैंकरा, अनूप सिन्हा, रामू गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य सुमन सिंह, लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, मंडल प्रभारी सुनील गुप्ता, मंडल सह प्रभारी शीतल गुप्ता, मंडल प्रभारी शशिकांत गर्ग, सह प्रभारी दीपेंद्र चौहान, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर वैश्य, मार्तण्ड साहू, सुभाष राजवाड़े, मोहन शर्मा, मंडल महामंत्री रमेश गुप्ता, आशीष बाजपेई, प्रवीण गुर्जर,सुनील साहू, संदीप सरकार, संतलाल प्रजापति, बीरेंद्र गुप्ता, करण सोनवानी, श्रीमती हीरा सिंह, राजेश सोनी, हीरा लाल राजवाड़े, भरत तिर्की, देवेंद्र गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, शिवनाथ पैंकरा, ज्ञान प्रकाश दुबे, शिव राजवाड़े, राजू जायसवाल,नितिन पाठक, नितिन शर्मा, शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक एवं कोर कमेटी के सदस्य तथा भाजपा के मोर्चो अध्यक्ष एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी सहायिका के दावा, आपत्ति 29 अप्रैल को

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सिलफिली क्षेत्रान्तर्गत आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेजों के आधार पर विकास खण्ड स्तरीय मुल्यांकन समिति द्वारा तैयार अंतिम (प्रावधिक) चयन सूची सर्व साधारण की सूचना हेतु एतद् द्वारा जारी की जाती है। इस सूची के विरूद्ध किसी अभ्यार्थी को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति सुसंगत दस्तावेजों के साथ 29 अप्रैल 2023 तक कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना दावा, आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित समयावधि के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। दावा आपत्ति केवल इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्य कार्यालयों में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगा। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दावा, आपत्ति में कोई भी ऐसा नवीन दस्तावेज जो पूर्व में आवेदन के साथ जमा नहीं किया गया हैं और दावा आपत्ति के दौरान प्रस्तुत करने से मैरिट लिस्ट प्रभावित हो स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। केवल वहीं दस्तावेज स्वीकार्य किये जायेंगे जो आपके आवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज को प्रमाणित अथवा स्पष्ट करता हो।

## योग आयोग के अध्यक्ष ने 33 वें नियमित योगाभ्यास केन्द्र का किया शुभारंभ

**रायपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ योग आयोग नगर निगम क्षेत्र में योगाभ्यास शुरू कर रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा ने कुरूद में 33 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया। योगाभ्यास केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक भेमा साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 6:00 से 7:30 बजे तक पुराना कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

कोरिया फ्रंटलाइन

# नपाध्यक्ष प्रभा पटेल के निवास पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत

## मनेंद्रगढ़ विधानसभा सीट से टिकट के लिए अटकलों का बाजार गरम



छ.ग.फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रभा पटेल के निवास पर पहुंचे जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल एवं भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों भी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से चर्चा कर नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने शहर की राजनीतिक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की करीबी मानी जाती हैं उनके समर्थकों के रूप में गिनी जाती हैं उन पर डॉ चरणदास महंत का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होते रहता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल आज जो राजनीतिक शिखर पर है कहीं ना कहीं डॉ चरणदास महंत के ही आशीर्वाद से हैं। वे राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी रहकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर कार्य कर जरूरतमंदों की सहायता के लिए तत्पर रहती हैं यही कारण है कि नगर में उनकी खासी लोकप्रियता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की करीबी होने के कारण शहर में उन्हें विधानसभा का टिकट मिलने का कयास लगाए जा रहे हैं अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। उनके द्वारा भी यह कहा गया है कि वे विधानसभा मनेंद्रगढ़ सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक है अगर हाईकमान उन पर विश्वास करके उन्हें टिकट मनेंद्रगढ़ विधानसभा सीट से देता है तो वे विधायकी जीत कर बताएंगी।

# जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी

छ.ग.फ्रंटलाइन
**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आगामी 22 एवं 23 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व पर बड़े पैमाने पर कतिपय क्षेत्रों में बाल विवाह की घटनाओं के रोकथाम के लिए समय रहते व्यापक रूप से कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किया है। निर्देश में बताया गया है कि प्रदेश में कुछ विशिष्ट जातियों में बाल विवाह के प्रकरण पूर्व वर्षो में देखे जाते रहे है अतः सर्वप्रथम जिलों में क्षेत्रों/जातियों को चिन्हित कर लिया जावे। चिन्हित करने हेतु पटवारी, कोटवार, शिक्षकों, ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम स्तरीय शासकीय अमले को दायित्व सौंपा जा सकते है। समस्त ग्राम एवं ग्राम पंचायत में बाल संरक्षण समिति का गठन किया जा चुका है जिसके प्रथम बैठक प्रस्ताव में ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव दिया गया है, साथ ही बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत को प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। जिसके कार्यवाही के संबंध में विवाह पंजी संधारित की जाना चाहिए। इस पंजी के संधारण से ग्राम पंचायतों में होने वाले समस्त विवाहों का रिकार्ड रहेगा। जिससे बाल विवाह की जानकारी समय पूर्ण प्राप्त हो जावेगी। पंजी संधारण का दायित्व पंचायत सचिव और ऑगनबाडी कार्यकर्ता को सौंपा जा सकते है। आशय यह है कि होने वाले प्रत्येक विवाह में वर एवं वधु की उम्र का सत्यापन किया जाना चाहिए। समस्त ग्राम पंचायत के ग्रामों के कोटवार द्वारा बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह के कानूनन अपराध होने के संबंध में मुनादी कराई जावे जिससे सभी ग्रामीणजनों को पता चले कि बाल विवाह करना अपराध है। जिलें में आयोजित होने वाली समस्त ग्राम सभाओं एवं स्वास्थ्य शिविर में बाल विवाह की रोकथाम के उपाय, बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, शिशुओं में कुपोषण, मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु-मृत्यु दर में वृद्धि के संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा परिचर्चा करवाई जावे एवं समस्त जानकारी ग्राम सभा में दी जावें। समस्त ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला स्तर पर बाल विवाह रोकथाम समिति का गठन किया जावे। इस समिति में पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शासकीय कार्यकर्ता, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जाति विशेष के मुखियाओं (कुरहा) को समिति के सदस्य के रूप में रखा जाये। इस समिति में संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं पटवारी को भी आवश्यक रूप से शामिल करते हुए बाल विवाह के प्रकरणों की समीक्षा हेतु समिति की बैठक प्रत्येक त्रैमास में नियमित रूप से की जावे। बाल विवाह की रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार यथा दीवारों पर नारा लेखन, पाम्पलेट्स का वितरण, शाला एवं आंगनबाडी केन्द्रों के द्वारा बाल विवाह रोकथाम रैली, बाल विवाह की रोकथाम के उपाय, बाल विवाह का समाज पर प्रभाव, बाल विवाह एवं कुपोषण चक्र आदि विषयों पर शालाओं में वाद- विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकता है। बाल विवाह रोकथाम के लिए सूचना तंत्र का प्रभावी होना अत्यंत आवश्यक है। जिलें में कहीं पर भी बाल विवाह तय होने की सूचना मिलते ही प्रशासन को संबंधित परिवार को समझाईश देकर बाल विवाह रोकना है। बाल विवाह की सूचना ग्राम सरपंच, पंचायत सचिव, ग्राम के शिक्षक, कोटवार, ऑगनबाडी कार्यकर्ता जो ग्राम स्तरीय बाल विवाह रोकथाम समिति के सदस्य भी है, के द्वारा तत्काल पहुचाई जा सकती है। इस प्रकार की व्यवस्था की जावे कि बाल विवाह की सूचना अविलंब पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व या सीधे जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक तक पहुच जावे। छत्तीसगढ़ में मुख्यतः रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह होते है, इस अवसरों पर बाल विवाह भी हो सकते है, अतः पूर्ण से ही ग्राम पंचायतवार होने वाले विवाहों की समीक्षा ग्राम स्तरीय, खण्डस्तरीय एवं जिला स्तरीय बाल विवाह रोकथाम समिति के माध्यम से की जावें एवं बाल विवाह होने के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर पहले विवाह रोकने हेतु समझाईश दी जावे एवं न मानने पर कानूनी कार्यवाही कड़ाई से की जावे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, नोनी सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना का ग्रामीणजनों तक लाभ पहुचाया जावे ताकि बाल विवाह की रोकथाम की जा सके। पुलिस अधीक्षक प्रारंभ से ही थाना प्रभारियों को निर्देशित करें कि पुलिस दल ग्रामों के भ्रमण में ग्रामजनों को बाल विवाह न करने की समझाईश दें। साथ ही थाने में किसी भी माध्यम से बाल विवाह होने की मौखिक या लिखित सूचना प्राप्त होती है तो रोकथाम हेतु तत्काल सक्रिय हो जावे। बाल विवाह रोकथाम में किशोरी बालिकाएँ एवं किशोरी बालिका समूहों की मुख्य भागीदारी हो सकती है। अतः इनका सहयोग बाल विवाह की रोकथाम हेतु लें। जिले में महिला स्वयं सहायता समूह गठित है इन समूहों को भी बाल विवाह की रोकथाम में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जावे। सभी अनुविभागीय अधिकारी(रा.) के माध्यम से प्रिंटिंग प्रेस को विवाहित पत्रिका छापने से पूर्व वर-वधु के जन्म प्रमाण पत्र(अथवा) अंकसूची का परीक्षण करने के पश्चात विवाहित पत्रिका में जन्म तिथि अंकित कराये जाने का निर्देश दिया गया है। बाल विवाह होने की सम्भावना या तैयारी के बारे में तत्काल सूचना जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को समय के पूर्व प्राप्त हो, इस हेतु समस्त विकासखण्ड के लिए या थानें के लिए एक दूरभाष नम्बर आशीष कुमार गुप्ता, जिला बाल संरक्षण अधिकारी का मो.नं.-9425256713, अली अहमद संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) का मो नं.-9993625223 चिन्हांकित किया गया है, साथ ही राज्य बाल आयोग के मोबाईल एप्प ''मेरी आवाज'' टोल फ्री नम्बर 1800-233-0055, चाईल्ड हैल्प लाईन 1098, पुलिस हेल्प लाईन 100, 101 इत्यादि नम्बरों मे संबंधितों द्वारा सूचना दी जा सकती है।

# रमजान के पवित्र महीने की अता की गई अलविदा जुमे की नमाज

## चांद दिखने पर शनिवार या रविवार को मनाई जाएगी ईद



छ.ग.फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ सहित समूचे एमसीबी जिले में जामा मस्जिद व मस्जिदों में शुक्रवार को रमजान के पवित्र महीने की अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अता की गई। इस्लाम धर्म को मानने वाले मुस्लिम समाज के लोग रमजान के पाक पवित्र महीने में पूरे 29-30 दिनों तक रोजे रखते हैं। रोजे के दौरान रोजेदार बहुत ही कड़े नियमों का पालन करते हैं। रमजान के महीने में उपवास कर लोग अल्लाह की इबादत करते हैं। रमजान के पाक पवित्र महीने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। ईद से पहले रमजान में आखिरी जुमे की नमाज का भी बहुत ही महत्व होता है। इस्लाम धर्म में जुमे की नमाज का विशेष महत्व होता है। माह-ए-रमजान में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार 21 अप्रैल 2023 को अता की गई। जामा मस्जिद सहित शहर के अन्य मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अता करने के लिए सवा बारह बजे से नमाज़ी पहुंचने लगे थे। सभी रोजेदारों के लिए रमजान माह के अंतिम शुक्रवार के दिन की नमाज का विशेष महत्व होता है। जुमे यानी शुक्रवार के दिन का इस्लाम धर्म में विशेष महत्व होता है। 21 अप्रैल 2023 को रमजान के 29 दिन पूरे हो गए हैं। रमजान के आखिरी जुमे के दिन 21 अप्रैल 2023 को चांद दिखेगा तो 22 अप्रैल 2023 शनिवार को ईद मनाई जाएगी और अगर चांद आखिरी जुमे की बजाय 22 अप्रैल 2023 शनिवार को दिखा तो 23 अप्रैल 2023 रविवार को ईद मनाई जाएगी।

# माफियाओं के आगे भूपेश सरकार ने टेक दिए घुटने:सुखमंती



छ.ग.फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** आम आदमी पार्टी की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुखमंती सिंह ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। प्रदेश में अपराध के ग्राफ में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से फेल हो गया है। आलम यह है कि रोजाना प्रदेश में कहीं न कहीं हत्याएं हो रही हैं। प्रदेश में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं को लेकर आम आदमी पार्टी की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) सुखमंती सिंह ने भूपेश सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। सुखमंती सिंह ने कहा कि न्यायधानी बिलासपुर में एक महिला के साथ आरोपियों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। ऐसे में जब न्यायधानी का यह हाल है तो अन्य जिलों का क्या हाल होगा, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि माफियाओं के आगे भूपेश सरकार ने घुटने टेक दिया है। प्रदेश की भूपेश सरकार अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने में विफल साबित हो रही है। प्रदेश में माफियाओं में शासन-प्रशासन का डर बिलकुल खत्म हो गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हैं। यहां माफिया राज कायम हो गया है। छत्तीसगढ़ में पहले अपराध रमन सरकार में खूब फला-फूला और अब भूपेश सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें शरण देने का काम कर रही है। प्रदेश की जनता में भय का माहौल है। प्रदेश के मुखिया हमेशा चुनावी भाषणबाजी और दिल्ली दरबार की सेवा में व्यस्त रहते हैं। अब भूपेश बघेल चुनावी मोड में रहने वाले मुख्यमंत्री साबित हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी यह मांग करती है कि सरकार प्रदेश की अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाए और प्रदेशवासियों में अमन-चैन का माहौल कायम करे अन्यथा आम आदमी पार्टी इसके खिलाफ आंदोलन करने पर मजबूर होगी जिसकी जवाब देही सरकार की होगी।

# आज से 72 घंटे का श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन

छ.ग.फ्रंटलाइन
**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में आज 22 अप्रैल 2023 से श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। रेल्वे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में अखंड हरिनाम संकीर्तन की 54 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा रही है। परम्परानुसार सन 1970 से संचालित अखंड हरिनाम संकीर्तन अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में इस वर्ष भी रेलवे कॉलोनी में 22 अप्रैल 2023 शनिवार की रात्रि 9:00 बजे से अधिवास के साथ प्रारंभ होगा। इसके उपरांत 23 अप्रैल रविवार को प्रात: 6:30 बजे से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ होगा जिसका समापन 26 अप्रैल 2023 बुधवार को प्रात: 6:30 बजे होगा। 26 अप्रैल की रात्रि 8:30 बजे से महोत्सव एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि इस अखंड हरिनाम संकीर्तन में श्री श्री राधा माधव संप्रदाय कोलकाता, श्री श्री हरि बोल संप्रदाय अंबिकापुर, श्री श्री गौरीया संप्रदाय तातापानी, श्री श्री वासुदेव संप्रदाय पन्ना सतना, श्री श्री निताई गौर संप्रदाय आरागाही द्वारा हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मानुरागी जनों से अखंड हरिनाम संकीर्तन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# आनलाइन सट्टा खेलाते युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**छ.ग.फ्रंटलाइन, मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने सट्टा पट्टी, मोबाइल व नगदी के साथ एक युवक को धर दबोचा है पुलिस ने उसके खिलाफ गैर जमानती धारा के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पीडब्ल्यूडी तिराहे के पास एक युवक मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा खेलाने के साथ खेल भी रहा है।पुलिस मुखबिर के बताए जगह पर पहुंची तो एक युवक मोबाइल में सट्टा खेला रहा था।पुलिस ने युवक के पास सट्टा पट्टी, एक नग मोबाइल व 6500 रुपए नगदी जप्त कर उसे थाना लाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम दयाशंकर आ. सीतासरन 25 वर्ष निवासी मनेंद्रगढ़ बताया। पुलिस ने दयाशंकर के खिलाफ गैर जमानती धारा के तहत कार्यवाही की है।

# अधिकारियों और कर्मचारियों की हो शत-प्रतिशत एंट्री:कलेक्टर

## निर्वाचन संबंधी जिलास्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न





छ.ग.फ्रंटलाइन
**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** कलेक्टर पीएस ध्रुव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद सभाकक्ष में पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटाबेस एण्ट्री करने के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीपीईएस सॉफ्टवेयर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डेटाबेस तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ध्रुव ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनज़र ज़िले के अन्तर्गत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की ऑनलाइन एंट्री पीपीईएस सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जा रहा है। चूँकि चुनाव संपन्न कराने में अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अतः शासन के दिये निर्देशानुसार सभी विभाग प्रमुख अपने तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की एंट्री अनिवार्य रूप से पोर्टल में करें। उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए कहा कि ऑनलाइन एंट्री के लिए 28 कॉलम बनाये गये हैं। सभी कालम को सॉफ्टवेयर में सावधानीपूर्वक भरें। इसके माध्यम से विधानसभा आम निर्वाचन के सुचारू संचालन के लिए मतदान दल का डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज़िला विज्ञान अधिकारी सुखदेव पटेल, प्रोग्रामर मानेन्द्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्राम सिकोसा में 22 अप्रैल को सामूहिक विवाह का आयोजन

**महिला व बाल विकास मंत्री भेड़िया, संसदीय सचिव निषाद, विधायक संगीता सिन्हा व अन्य अतिथि रहेंगे उपस्थित**

छ.ग.फ्रंटलाइन
**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम सिकोसा में कल राजीव युवा मितान क्लब के तत्वावधान में 22 अप्रैल को ग्राम पंयायत समीप बाजार स्थल सिकोसा में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला व बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर निश्शुल्क विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

# साढ़े चार साल कांग्रेस के कुशासन के चलते प्रदेश में बढ़े महिला अपराध के मामले : शालिनी राजपूत

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था अपने साढ़े चार साल में नहीं संभाल पाई है। कांग्रेस शासन के साढ़े 4 वर्ष के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में 7000 से अधिक महिलाएं व बच्चियां दुराचार की शिकार हो गई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में महिला अपराध की घटनाएं बड़ी है उससे या लगता है कि कांग्रेस सरकार महिला सुरक्षा को लेकर जरा भी संवेदनशील नहीं है। प्रदेश में लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है । प्रदेश की कांग्रेस सरकार की ढुलमुल रवैया के चलते अपराधी बेखौफ हो गए हैं और निरंकुश होकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं दुराचार की घटनाएं करके बेखौफ घूम रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कांग्रेस के राज में अपराध करने पर सजा नहीं होती है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि कोरबा में 7 वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार की घटना ने प्रदेश को शर्मसार करने वाली है। इसके पूर्व बिलासपुर में एक व्यक्ति को शराब पिलाकर उसकी पत्नी के साथ दुराचार की घटना सामने आती है, अंबिकापुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया जाता है और जब वह नाबालिग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जाती है तो थाने में उसकी शिकायत दर्ज नहीं की जाती है जिसके चलते उस नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के आनंद में इतने चूर हो गए हैं कि उन्हें प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की भी जरा चिंता नहीं है। प्रदेश में अपराध चरम पर पहुंच गया है और यह सरकार अब तक सोई हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की घटनाओं को छोटी घटना समझना कांग्रेस और उसके सरकार के मंत्रियों की मानसिकता बन गई जिसके कारण प्रदेश में अपराध एवं महिला अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

# कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 23 अप्रैल को

**छ.ग.फ्रंटलाइन, बालोद।** जिले में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 अप्रैल को सुबह 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा का आयोजन विकासखंड मुख्यालय डौण्डी स्थित संयुक्त एकलव्य आदर्श विद्यालय, शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। कलेक्टर व जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय व शैक्षणिक संस्थान समिति जिला बालोद की ओर से परीक्षा के सफल आयोजन व अन्य प्रशासनिक व्यवस्था को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए 17 अप्रैल को जारी किए गए ड्यूटी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी किए गए नवीन संशोधित आदेश के तहत अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह को परीक्षा के आयोजन व प्रशासनिक व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम दल्लीराजहरा योगेन्द्र श्रीवास को संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौण्डी अविनाश ठाकुर को शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डी, तहसीलदार डौंडी हिंसा राम नायक को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डी के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दरींपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा